रोहतक

सोमवार 2 मार्च 2026

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 27

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


मौसम

अधि. 32.7

न्यून. 11.6


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




5 हीली ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा


RPS GROUP OF SCHOOLS

Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

28 YEARS Excellence in Education

# SCHOLARSHIP Cum ADMISSION TEST

(For Classes II to IX & XI)

15th & 22nd SUNDAY MARCH 2026 AT 10:30 AM

in all RPS Branches

Scan for Syllabus & Exam Pattern

On-the-Spot Registrations start at 9:00AM

Note: Students studying in Grade I (Session: 2025-26) will be eligible to appear in Scholarship Test for Grade II, and so on.



99.951%ile — BHAVYA SATIJA, S/o Sh. DEEPAK SATIJA & Smt. GEETA RANI

99.957%ile — MAYANK KUMAR, S/o Sh. HAWA SINGH & Smt. KAVITA

99.916%ile — SUMIT YADAV, S/o Sh. PRADEEP KUMAR & Smt. JAGMATI YADAV

Elite 99 %ILE CLUB — JEE Main Session-I – ENGINEERED FOR EMINENCE

Illuminating the Nation with Brilliance in JEE Main 2026

ABOVE 99%ILE 45+ STUDENTS

ABOVE 98%ILE 85+ STUDENTS

ABOVE 96%ILE 151+ STUDENTS

ABOVE 95%ILE 181+ STUDENTS

Congratulations! Proud of You!

| Name | Parents | %ile |
|---|---|---|
| ARYAN SHEORAN | S/o Sh. KULVEER & Smt. SUNITA | 99.89 |
| VINIT KUMAR | S/o Sh. SHIV KUMAR & Smt. MANOJ KUMARI | 99.88 |
| UTSAV KUMAR | S/o Sh. PARVEEN KUMAR & Smt. POONAM RANI | 99.85 |
| NAITIK AGGARWAL | S/o Sh. PANKAJ & Smt. MONIKA | 99.85 |
| PRATUESH SINGH | S/o Sh. RANJIT SINGH & Smt. MEENU | 99.79 |
| ARYAN BHARDWAJ | S/o Sh. DHANANJAY KR. & Smt. SHALINI DUBEY | 99.77 |
| KUSHI AGGARWAL | D/o Sh. RAJESH AGGARWAL & Smt. ASHA AGGARWAL | 99.72 |
| RUDRABAL | S/o Sh. KAILASH KAMAL & Smt. MANISHA | 99.72 |
| ISHANT | S/o Sh. RAJBIR & Smt. MANJU | 99.67 |
| VAIBHAV MEHTA | S/o Sh. VIKRAM SINGH & Smt. SARITA | 99.65 |
| PRIYA CHAUDHARY | D/o Sh. SHYAM CHADHARY & Smt. REKHA CHAUDHARY | 99.63 |
| RIJUL BATRA | S/o Sh. RAJESH BATRA & Smt. ANJU BATRA | 99.61 |
| AANSHU | S/o Sh. DALBIR SINGH & Smt. SAVITA DEVI | 99.60 |
| TANMAY YADAV | S/o Sh. HOSHIYAR S. YADAV & Smt. ANIT YADAV | 99.59 |
| GAURAV | S/o Sh. NARESH KUMAR & Smt. SUMAN | 99.58 |
| RAJAT MANETHIA | S/o Sh. SUNIL & Smt. MANJU BAI | 99.57 |
| MAYANK | S/o Sh. PAWAN & Smt. MEERA | 99.56 |
| JHALAK YADAV | S/o Sh. NARENDRA & Smt. MANJU | 99.51 |
| RAMAN LAMBA | S/o Sh. MUKESH KUMAR & Smt. SUMAN | 99.46 |
| AYUSH AGGARWAL | S/o Sh. MANISH AGGARWAL & Smt. NISHA | 99.44 |
| SHAURYA SHARMA | S/o Sh. MUKTESH KR. SHARMA & Smt. SUMAN SHARMA | 99.42 |
| KAVYA YADAV | D/o Sh. AJEET SINGH & Smt. SATYA | 99.41 |
| AYUSH KUMAR | S/o Sh. SURENDER SINGH & Smt. POONAM | 99.39 |
| PANKAJ KUMAR | S/o Sh. MUKESH KUMAR & Smt. MUNNI DEVI | 99.37 |
| PARIDHI JAIN | D/o Sh. ANIL JAIN & Smt. SWEETY JAIN | 99.33 |
| NAMAN GUPTA | S/o Sh. NISHANT GUPTA & Smt. NITASHA GUPTA | 99.32 |
| ADITYA | S/o Sh. SUNIL KUMAR & Smt. REENA DEVI | 99.29 |
| ANSH | S/o Sh. DINESH KUMAR & Smt. BALA KUMARI | 99.27 |
| LATA | D/o Sh. PARVEEN KUMAR & Smt. SAROJ DEVI | 99.26 |
| SHIVAM | S/o Sh. VIJAY KUMAR & Smt. PREM LATA | 99.25 |
| SAHIL | S/o Sh. RAJESH KUMAR & Smt. BHATERI DEVI | 99.18 |
| HIMANSHU YADAV | S/o Sh. KAILASH CHAND & Smt. RATI BAI | 99.17 |
| CHIRAG YADAV | S/o Sh. ANIL KUMAR & Smt. LALITA BAI | 99.13 |
| RHYTHM | S/o Sh. KAVINDER & Smt. SANGEETA | 99.13 |
| YUVRAJ VASHISTHA | S/o Sh. SIDDARTH VASHISTHA & Smt. MAMTA SHARMA | 99.12 |
| KHUSHI | D/o Sh. PAWAN KUMAR & Smt. SARITA | 99.12 |
| FRIYANSHI SINGLA | D/o Sh. GIRIRAJ SINGLA & Smt. KAVITA SINGLA | 99.07 |
| ROHIT | S/o Sh. RAJESH & Smt. AMITA | 99.06 |
| SHISHANT YADAV | S/o Sh. DINESH KUMAR & Smt. HEMLATA | 99.03 |
| AGASTYE | S/o Sh. VINAY KUMAR & Smt. SHARDA | 99.03 |
| JATIN | S/o Sh. UMED SINGH & Smt. POONAM | 99.03 |
| SHIKHAR YADAV | S/o Sh. AMARJIT SINGH & Smt. BABLY | 99.02 |

RPS now @ BHIWANI, Hansi Road, Bhiwani

*The Ascent of Achievement Continues...*

## ADMISSIONS OPEN Session 2026-27

**Our Campuses:** **Mahendergarh** Ph.:01285-222645, 9416150201 | **Rewari** Ph.:8222000359 | **Rewari City** Ph.:9053555526 | **Dharuhera** Ph.:9467064534 | **Kosli** Ph.:9255148141 | **Behror** Ph.:9529678004 | **Hansi** Ph.:9813196969, 9896100407 | **Narnaul** Ph:. 8198976666 | **Hisar** Ph.:8307760465 | **Gurugram Sec- 50** Ph.:8409989898, 7827466258 | **Gurugram Sec- 89** Ph.:8222999182 | **Karnal** Ph.:8398000304/06 | **Rohtak** Ph.: 7419998800 | **Dadri** Ph.: 8222048283, 84 | **Rosewood City, Gurugram** : Ph.: 70424 96986 | **Kanina** Ph.: 7056743636 | **RPSIS Dhaharuhera** Ph.: 9257133925 NEW CAMPUS **Bhiwani** Ph.: +91 9215499905, 08

NEW CAMPUSES COMING SOON @ SEC-83, GURUGRAM, Hr. SEC-73, GURUGRAM, Hr.

Web.: www.rpsgroup.edu.in

Top-Notch **Hostel Accommodation** for **Boys and Girls** at **M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI** & **HANSI** CAMPUSES

## खबर संक्षेप

### मजदूरों के पक्ष में आज होंगे सभी जिलों में प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा,सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व महासचिव कृष्ण कुमार नैन ने कहा कि पिछले 23 तारीख से पानीपत रिफाइनरी के हजारों मजदूर हड़ताल पर हैं। रिफाइनरी के आंदोलनरत मजदूरों के पक्ष में, दमन की इस कार्यवाही के विरोध में 2 मार्च को राज्य भर में प्रदर्शनों की कार्रवाई की जाएगी।

### स्व. लाला अमरनाथ की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर

**पंचकूला।** समाजसेवी एवं प्रेरणास्रोत स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल की 18वीं पुण्यतिथि 1 मार्च 2026 को श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक राधी देवी पोलिक्लीनिक, अमरावती एन्क्लेव, पंचकूला में निःशुल्क मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया।

### रिकार्ड तोड़ होगी गोहाना की धन्यवाद रैली: शर्मा

**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 29 मार्च को गोहाना में गोहाना विधानसभा की धन्यवाद रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करते हुए विकास का पिटारा खोलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में आयोजित हो रही धन्यवाद रैलियों में गोहाना की रैली रिकार्डतोड़ साबित होगी। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज गोहाना स्थित दीपांशी गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में विधानसभा चुनाव के दौरान बूथ स्तर पर मजबूती से डटे रहे बूथ एजेंटों, जिला व विधानसभा पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया।

### पंचकूला: खटौली में भव्य हिंदू समेलन

**पंचकूला।** खटौली गांव में एक भव्य हिंदू समेलन का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग एकत्र हुए। इस समेलन में प्रमुख संत-महात्माओं, समाजसेवियों एवं वक्ताओं ने हिंदू एकता, स्वदेशी अपनाने, सनातन संस्कृति की रक्षा तथा राष्ट्र निर्माण के लिए संगठित प्रयासों पर बल दिया।
मुख्य अतिथि के रूप में 1008 महामंडलेश्वर स्वामी विश्वमित्रांद गिरि जी महाराज उपस्थित रहे।

### बंदूक की नोक पर परिवार को बनाया बंधक


**फरीदाबाद।** गांव मोहना में परिवार को बंदूक के बल पर बंधक लूट का मामला सामने आया है। लूट की यह वारदात प्रवीन नामकव्यक्ति के घर हुई। रात में प्रवीन और उनकी पत्नी प्रथम तल पर सो रहे थे। भूतल पर उनके पिता वीरपाल और मां कृष्णा सोए हुए थे। रात करीब दो बजे चार बदमाश दरवाजे पर लगा शीशा खोलकर घर में घुस आए। उनमें एक के हाथ में बंदूक, दो के हाथ में राड और पाइप था।

## भिवानी में अलंकरण कार्यक्रम में बोले पूर्व वित्त मंत्री

# बजट में जन-भागीदारी की एक्सरसाइज को शामिल करना बेहद सराहनीय और परिवर्तनकारी कदम: कैप्टन अभिमन्यु

**दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल शीशमहल में जाने के लिए पुनः आतुर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** भिवानी पहुंचने पर स्वागत करते शहर के लोग एवं कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो: हरिभूमि

भिवानी में रविवार को सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित नगर स्थापना महोत्सव पर व्याख्यान एवं अलंकरण कार्यक्रम का पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पहले लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर बजट पर पूछे गए सवाल के जवाब में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हमने बजट पेश किया था। उससे और भी बेहतरीन बजट पेश करेंगे सीएम नायाब सिंह सैनी। उन्होंने जो जन-भागीदारी की एक्सरसाइज की है, बहुत लोगों से राय करके, हरियाणा की 36 बिरादरी के हित के लिए ,हरियाणा के एक एक गांव, बस्ती व लोगों तक जिसका सीधा लाभ पहुंच सके। ऐसा बजट सीएम नायाब सिंह सैनी वित्तमंत्री के रूप में सदन में पेश करेंगे, यही मुझे आशा है। केजरीवाल के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल दिल्ली के शीशमहल में पुनः मौका मिले तो उसमें जाने को आतुर है। जहां उनका फ्लैट होता था, वहां जाना उचित नहीं समझा। पंजाब में चंडीगढ़ में और शीशमहल बनाकर वहां रहने लगे। आवागमन के लिए सरकारी बस सेवा,रेल या हवाई जहाज की बजाए चार्टर प्लेन से जाने की इच्छा पाले हुए है। शीशमहल में रहने वाले केजरीवाल चार्टर प्लेन में जाने वाले अब आमजन की किस तरह से बात कर सकते हैं।

### 'भेड़िये कभी शाकाहारी नहीं हो सकते'

शनिवार रात को आयोजित कवि सम्मेलन में का जिक्र करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कवि हरिओम पंवार ने एक संदेश दिया, जो कि दिल को छू गया। भेड़िया कभी शाकाहारी नहीं हो सकता। लोग निष्कर्ष समझ करके आगे चलते है आज के तात्कालिक संदर्भ में ईरान के सुप्रीम लीडर मारे गए। दुनिया में भेड़िया संस्कृति के लोग सुप्रीम लीडर के मारे जाने का मातम मना रहे है। वहीं, मातम मनाने वाले लोगों ने एक भी बहन बेटी के सर कलम होने पर सार्वजनिक तौर पर एक भी टिप्पणी नहीं की। आंदोलन करने वाले हजारों लोगों को मारने पर एक भी टिप्पणी नहीं की। वहीं, संस्कृति के लोग तो ईरान के विषय पर नहीं बोलते, कश्मीर पर हुए नरसंहार पर नहीं बोलते उनकी इसी तरह की आदत है।

### नगर के इतिहास को वर्तमान के साथ जोड़ रहा है मंच

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सांस्कृतिक मंच भिवानी नगर की आत्मा को संजोते हुए भिवानी नगर के इतिहास को वर्तमान के साथ जोड़ने का कार्य कर रही है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सर्व श्रेष्ठ कार्य करने वालों का मान व सम्मान का कार्य करता है। वहीं पूर्व में जन्मी महान विभूतियों ने भिवानी की इस धरा से जन्म लेकर पूर्व में पुण्य कार्य को किए है। उनको वर्तमान में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को एक साथ जोड़कर एक अदभुत प्रयोग कर रही है। सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में जो व्याख्यान का कार्यक्रम हुआ, जिसमें शामिल हुए सुशील पंडित प्रकांड विद्वान है और राष्ट्रवाद के प्रखर वक्ता हैं। कश्मीर के नर संहार को उसकी ज्वाला को अपने हृदय में लिए फिरते हैं।

## गुरदासपुर में राज्य स्तरीय सैनी समाज समारोह में नायब सैनी ने भरी हुंकार

# रंगला पंजाब बनाना है हमारा लक्ष्य ओबीसी वर्ग बने राजनीति की धुरी

■ पंजाब गुरुओं, बलिदान और शहादत की पवित्र भूमि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



**चंडीगढ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को गुरदासपुर के दीनानगर में आयोजित राज्य स्तरीय सैनी समाज समारोह के दौरान स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित विशाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है तप, त्याग और बलिदान की यह पावन भूमि एक बार फिर विकास की राह पर अग्रणी बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। मुख्यमंत्री सैनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की राजनीतिक दिशा बदलने और समाज को सम्मान दिलाने का ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आह्वान करते हुए कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है।

### हरियाणा में 60 वादे पूरे, 120 पर काम जारी

हरियाणा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि सोमवार को वे हरियाणा विधानसभा में अपना दूसरा बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम जारी है। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। बुजुर्गों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये दिए जा रहे हैं। किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है।

### सत्ता कुछ हाथों में सिमटने से रुका विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की सत्ता लंबे समय से कुछ ही हाथों में सिमटी रहने के कारण प्रदेश का विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आज पंजाब बेरोजगारी, नशा, अपराध और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। इन समस्याओं से पंजाब को निजात दिलाने का अब वक्त आ गया है और इस कार्य में सैनी समाज को बड़ी भूमिका निभानी है। उन्होंने पंजाब के 31 प्रतिशत ओबीसी वर्ग का आह्वान करते हुए कहा कि यह वर्ग एकजुट होकर राजनीति की धुरी बने और भाजपा सरकार बनाने में निर्णायक भूमिका निभाए ताकि पंजाब को फिर से खुशहाल प्रदेश बनाया जा सके।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सैनी समाज को दिया सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा, मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी के आरोप लगाए, लेकिन इन आरोपों को जनता ने सिरे से खारिज कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने शहीदों के परिजनों और स्कूली बच्चों को भी सम्मानित किया।

### सैनी समाज के ऐतिहासिक योगदान को किया नमन

मुख्यमंत्री ने सैनी समाज के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए कहा कि इस समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सरदार महंगा सिंह और हरि सिंह सैनी को समाज के हीरे बताते हुए उनके योगदान को नमन किया। चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन के निर्माता नेकचंद सैनी का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कला और संस्कृति के क्षेत्र में समाज की अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में बाढ़ के समय सैनी समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहायता की और नर सेवा के कार्यों में समाज सदैव अग्रणी रहा है।

# प्रदेश के सभी सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाए जाएं: विज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा सरकार के तीन विभागों की कमान संभाल रहे प्रदेश के श्रम और ऊर्जा, परिवहन मंत्री अनिल विज का कहना है कि प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में सोलर ऊर्जा के पैनल लगाए जाएं, इसके लिए प्रस्ताव दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रात दिन बजट को लेकर काम काज करने में जुटे हुए हैं, सभी वर्गों से सुझाव व फीडबैक लिया गया है। विज ने उम्मीद जताई है, कि प्रदेश का बजट सभी वर्गों के कल्याण का बजट होगा। विज का कहना है कि प्रदेश के सीएम लोककल्याण के लिए बहुत से काम कर रहे हैं, मेरे विभागों को लेकर अपनी राय और सुझाव रख दिए हैं। बजट कल पेश होगा , उसमें सारा कुछ साफ हो जाएगा। हां, सारे सरकारी विभागों में सौलर पैनल अनिवार्य कर दिए जाएं यह सुझाव सरकार को दिया गया है।

### राहुल गांधी अपनी ही पार्टी के लिए घातक

वरिष्ठ मंत्री अनिल विज का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी को अपनी पार्टी के लिए ही घातक बताया है, उन्होंने कहा कि 95 चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस नेता को असली बात समझ नहीं आ रही है। कांग्रेस ने 50 से 60 साल तक जो भी सियासत की है, वो विकास की नहीं बल्कि बेवजह के नारे थे, अब राजनीति के मायने देश के प्रधानमंत्री मोदी ने बदल दिए हैं, मेहनत करने और देश को आगे ले जाने के लिए 2047 का विजन उनके पास में है।

# ट्रेड डील पर सरकार स्पष्ट करे स्थिति: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



विरोधाभासी बयान से जनता में भ्रम की स्थिति बनीं

देशहित के मुद्दों पर कांग्रेस का देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान शुरू

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव और सांसद सैलजा ने दिल्ली में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा चलाए गए देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के साथ मिलकर किया। ये अभियान देशहित से जुड़े गंभीर आर्थिक और कृषि प्रश्नों पर जनमत संगठित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ कथित ट्रेड डील को लेकर देशभर में भ्रम और आशंकाएं बनी हुई हैं। एक ओर सरकार के प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय समझौते की चर्चा करते हैं, वहीं दूसरी ओर यह कहा जा रहा है कि अभी तक कोई डील नहीं हुई। विरोधाभासी बयान जनता को गुमराह कर रहे हैं।

# शराब घोटाला: आप को खत्म करने के लिए राजनीतिक षड्यंत्र था: सुशील

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



न्यायालय ने केजरीवाल और सिसोदिया को आरोप मुक्त कर दिया

तथाकथित शराब घोटाला, आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र था। केजरीवाल जी ने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है और आज कोर्ट ने भी कह दिया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। दिल्ली की सत्ता पाने के लिए पीएम और शाह ने राजनीतिक षड्यंत्र रचा। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। कोर्ट ने केस चलाने योग्य भी नहीं माना। मोदी जी को पता है कि जनता केजरीवाल को कट्टर ईमानदार मानती है। इसलिए उन्होंने केजरीवाल और सिसोदिया की ईमानदारी पर चोट की। 'आप'हरियाणा मुख्यालय पर वरिष्ठ नेता सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने पिछले चार साल से 'शराब घोटाला' शब्द का भारतीय राजनीति में खूब इस्तेमाल किया है। सभी जान रहे हैं कि किस तरह से पिछले चार साल से ईडी, सीबीआई और सारी संस्थाओं का इस्तेमाल करके हमारे ऊपर शराब घोटाले नाम का एक आरोप लगाया गया। सीबीआई और ईडी ने उसमें चार्जशीट फाइल की।

### 22 को बादशाहपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह की ओर से रविवार को एसपीआर रोड स्थित अनमोल कन्वेंशन सेंटर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। 22 मार्च को मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे पटौदी क्षेत्र में रैली को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 2 बजे बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा एवं रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न विकास परियोजनाओं की घोषणाएं की जाएंगी।

# एसजीएसटी संग्रह में 22फीसदी वृद्धि के साथ देश में शीर्ष पर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सतत प्रयासों और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता ने राज्य की विकास यात्रा को नई गति दी है। उनके नेतृत्व में शासन व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और जनहितैषी बनाया गया है। कर प्रशासन में सुधार और डिजिटल पारदर्शिता को बढ़ावा देकर राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में हरियाणा प्रगति और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। इसी कड़ी में आबकारी एवं कराधान विभाग ने सकल एसजीएसटी संग्रह में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में हरियाणा का सकल एसजीएसटी संग्रह, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रिकॉर्ड 22% की दर से बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में हरियाणा का सकल एसजीएसटी संग्रह (सेटलमेंट के बाद) 44,460 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक के संग्रह से 7,918 करोड़ अधिक है। इस प्रकार 22% की वृद्धि दर दर्ज की गई है, जो देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वाधिक है।

# सैनी सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध: बड़ौली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



**चंडीगढ़।** वरिष्ठ मंत्री अनिल विज का हालचाल लेते बड़ौली। फोटो: हरिभूमि

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा की भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची केवल मेरिट के आधार पर पारदर्शी तरीके से रोजगार उपलब्ध करवा रही है। ये बातें बड़ौली ने रविवार को सोनीपत के गांव नाहरी में ''द स्टैनफोर्ड जूनियर स्कूल'' के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार को निरंतर बढ़ावा देते हुए हर संभव सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कॉलेजों की संख्या बढ़ा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्री विज का हालचाल भी लिया।

## आईडीएफसी से जुड़े 590 करोड़ घोटाले का मामला, एसीबी जांच में जुटी

# विभागों में पूरा फैला था घोटालेबाजों का जाल पांचवीं गिरफ्तारी और दर्जनों पर लटकी तलवार

**एक होटल संचालक भी खेल में शामिल**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों का पैसे को खातों में निकालकर खेल करने वाले खिलाड़ियों पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। अब पूरे मामले में पांच गिरफ्तार हो चुके है। मामले में एक होटल संचालक कईं आईएएस अफसरों की सेवापानी किया करता था, रसूखदार व्यक्ति इन संबंधों का फायदा उठाकर बैंक अफसरों कर्मियों के साथ में मिलकर खेल करता रहा। दर्जनभर विभागों में इस तरह का जाल फैला हुआ है। आईडीएफसी के 590 करोड़ के घोटाले में पांचवे व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो )ने विकास एवं पंचायत हरियाणा निदेशालय पंचकूला में तैनात एक अधीक्षक नरेश कुमार भवानी को गिरफ्तार कर लिया है। भुवानी पर 1.10 करोड़ लेने का आरोप है। एसीबी की जांच पड़ताल में सामने आया है कि उसने न केवल स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट से सीधे धनराशि प्राप्त की, बल्कि कथित रूप से बिचौलिये की अहम भूमिका भी निभाई। दावा है कि उसने सरकारी खातों से निकाली रकम को आगे पहुंचाने में सक्रिय सहयोग किया। बताया गया है कि भुवानी हरियाणा के चरखी-दादरी जिले के जगराम बास गांव का रहने वाला है। एसीबी ने उसे गिरफ्तारी के बाद पंचकूला में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, जहां से 6 मार्च तक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### ऋषि-अभय से पूछताछ में नरेश का नाम

बैंक के मास्टरमाइंड रिभव ऋषि समेत अभय, अभय की पत्नी स्वाति और साले अभिषेक की गिरफ्तारी के बाद में इसका नाम सामने आया, चारों आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है। रिभव और अभय से पूछताछ में नरेश भुवानी की भूमिका को लेकर कई अहम बातें सामने आई हैं। गहन पूछताछ कर भुवानी को मोहाली में एयरोसिटी के ब्लॉक-सी के मकान नंबर 2962 से दबोच लिया गया।

### फॉर्च्यूनर गाड़ी खरीदने के लिए 25 लाख

जांच में सामने आया कि नरेश कुमार 'स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट' के बैंक खाते से अपने निजी बैंक खाते में 13 नवंबर 2025 को 40 लाख, 15 नवंबर 2025 को 40 लाख, 27 नवंबर 2025 को 10 लाख और इसी दिन पुनः 10 लाख स्थानांतरित किए। इसके अलावा बेटी के खाते में 10 लाख की राशि ट्रांसफर करवाई। इसके अतिरिक्त फॉर्च्यूनर गाड़ी खरीदने के लिए 25 लाख की धनराशि भी अवैध रूप से प्राप्त की गई। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपित रिभव एवं अभय के निरंतर संपर्क में रहे और अपराध को अंजाम देने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रकम ट्रांसफर की तकनीक पर पूछताछ

गिरफ्तारी के बाद नियमानुसार उसके भाई सतीश को सूचना दी गई और गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में सौंपे गए। सूत्रों अनुसार जांच एजेंसी उससे गहन पूछताछ कर रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। जांच कर रहे अधिकारियों ने अदालत से रिमांड की मांग करते हुए एजेंसी ने अदालत में कहा है कि धन के गबन की पूरी कार्यप्रणाली (मोडस आपरेंडी), रकम के ट्रांसफर की तकनीक, लाभार्थियों की पहचान और उनकी भूमिका का पता लगाने के लिए हिरासत में विस्तृत पूछताछ जरूरी है।



हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमला

## 24 घंटे में गिराए 1200 बम

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत, बेटी दामाद, बहू और पोती भी मारे गए

## जिस वक्त हमला हुआ खामेनेई ऑफिस कॉम्पलेक्स में बैठक कर रहे थे इसी दौरान 30 मिसाइलें दागीं, वहां मौजूद 48 कमांडर भी मारे गए



भाषा ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

इजराइल और अमेरिका ने पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इजराइली वायुसेना ने यह जानकारी दी है। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 48 कमांडर्स भी मारे गए थे। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ बैठक कर रहे थे। इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है।

### ईरान में 200 की मौत, 740 गंभीर

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। वहीं, खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।'




### ईरान का पलटवार, 9 देशों पर किया हमला

अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।




### ईरान ने तीन सदस्यीय अंतरिम समिति बनाई

### अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा

### तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत पांच घायल

### ईरान के हमलों से यूएई में 3 की मौत, 58 घायल

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ईरान के जवाबी हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3 हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि मृतकों में पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश के नागरिक शामिल हैं। 58 अन्य लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, ईरान ने यूएई की ओर 165 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से 152 को एयर डिफेंस ने नष्ट कर दिया और 13 समुद्र में गिरीं। दो क्रूज मिसाइलें भी मार गिराई गईं। इसके अलावा 541 ड्रोन लॉन्च किए गए।

### इजराइल पर जवाबी हमला, 9 की मौत


इजराइल के बेइत शेमेश शहर में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। इजराइली आपात सेवाओं के अनुसार, कम से कम 27 लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। मिसाइल रिहायशी इलाके में गिरी, जिससे भारी नुकसान हुआ। सर्च एंड रेस्क्यू टीमें और मेडिकल स्टाफ मौके पर तैनात हैं।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले-यह खुली जंग, हमला जारी रखेंगे



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजेश्कियान ने कहा कि खामेनेई की हत्या मुसलमानों के खिलाफ खुली जंग है। उन्होंने कहा कि देश के सेनाएं दुश्मनों के सैन्य ठिकानों पर हमले जारी रखेंगी। उन्होंने यह बयान सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद दिया। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक पजेश्कियान ने कहा कि हम अपने सुप्रीम लीडर के नक्शे-कदम पर चलते रहेंगे। पजेश्कियान के बयान को ईरान के सरकारी टीवी चैनल पर ब्रॉडकास्ट किया जा रहा है।

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर बने अयातुल्ला अलीरोजा अराफी



अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में अली खामेनेई की मौत के बाद ईरानी धर्मगुरु अयातुल्लाह अलीरेजा अराफी को ईरान का अंतरिम सुप्रीम लीडर बनाया गया है। वह अंतरिम नेतृत्व परिषद में विधि विशेषज्ञ सदस्य के रूप में काम करेंगे। संविधान के तहत राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, मुख्य न्यायाधीश घोलाम-होसैन मोहसिनी-एजेई और गार्जियन काउंसिल के एक धर्मगुरु के साथ यह परिषद मिलकर देश की कमान संभालेगी, जब तक नए सुप्रीम लीडर का चुनाव नहीं हो जाता।

### ईरान-इजराइल के बीच विवाद की वजहें

- **न्यूक्लियर प्रोग्राम:** अमेरिका को शक है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकता है। इसी वजह से उस पर पाबंदियां लगाईं।
- **बैलिस्टिक मिसाइल मुद्दा:** परमाणु समझौते की बातचीत में ईरान का मिसाइल प्रोग्राम।
- **इजराइल को लेकर टकराव:** अमेरिका, इजराइल का सबसे बड़ा समर्थक है। वहीं ईरान इजराइल का खुलकर विरोध करता है और उस पर क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाता है।
- **मिडिल ईस्ट में दखल:** अमेरिका का आरोप है कि ईरान इराक, सीरिया, लेबनान और यमन जैसे देशों में अपने गुटों को मदद देकर अपना प्रभाव बढ़ा रहा है।

### पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर हमला, 12 की जान गई

*नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमले के विरोध में पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया। इजराइल-अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई युवक घायल भी हैं। पाकिस्तान के ही स्कर्दू में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगा दी है।*

### भारत ने अपनी 350 से ज्यादा फ्लाइटें रद्द कीं

*मिडिल ईस्ट के देशों में इस जंग के कारण हालात बिगड़े हुए हैं। एयरस्पेस बंद होने का असर भारत पर भी दिख रहा है। घरेलू एयरलाइंस की 350 से अधिक उड़ानें रद्द की गई हैं। एअर इंडिया ने 22 इंटरनेशनल फ्लाइट रद्द कीं। अब तक 50 फ्लाइट रद्द की गई हैं। केरल के त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट पर भी मिडिल ईस्ट के देशों से आने वालीं 26 फ्लाइट कैंसिल हैं। एविएशन मिनिस्ट्री के मुताबिक भारतीय एयरलाइंस की 444 इंटरनेशनल फ्लाइट रद्द हो सकती हैं।*

## जंग का असर : पेट्रोल-डीजल हो सकते हैं महंगे

### भारत का 50 फीसदी क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है, मार्ग बंद हुआ तो बढ़ेंगी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** अगर जंग लंबी चली और तेल मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। शिपिंग डेटा के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट के दोनों ओर सैकड़ों जहाज रुक गए हैं। कम से कम 150 टैंकर जिनमें कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस ले जाने वाले जहाज शामिल हैं। जलडमरूमध्य से आगे खाड़ी के खुले समुद्र में लंगर डाले खड़े हैं।

#### पेट्रोल डीजल




दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 105 तक पहुंच सकता है। वहीं, डीजल 88 से बढ़कर 96 तक जा सकता है। इसकी वजह ये है कि भारत अपनी जरूरत का 90% तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50% क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है।

#### सोना चांदी



विशेषज्ञों के अनुसार सोना 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1.90 लाख रुपये तक जा सकता है। चांदी 2.67 लाख रुपये किलो है जो बढ़कर 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। युद्ध के समय निवेशक 'सोने' को सुरक्षित मानते हैं।

#### शेयर बाजार



मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार शेयर बाजार में 1-1.5% की गिरावट आ सकती है। यानी, सोमवार को सेंसेक्स 1300 अंक और निफ्टी 300 अंक तक गिर सकता है। युद्ध जैसे तनाव के समय निवेशक बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित जगह निवेश करते हैं।

### खामेनेई की मौत पर भारत और पाकिस्तान में प्रदर्शन

श्रीनगर के लाल चौक पर शनिवार को कश्मीरी शिया मुसलमानों ने जमकर प्रदर्शन किया। लाल चौक पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यह हमला पूरी मानवता और संप्रभुता पर प्रहार है।



पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के स्कर्दू शहर में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने स्कर्दू में संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक कार्यालय में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास पर धावा बोल दिया और दीवार फांदकर अंदर घुसने की कोशिश की। इस दौरान हुई गोलीबारी में 12 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए।

---

## नागपुर में बारूद कंपनी में ब्लास्ट, 17 की मौत

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया। हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। फायर ब्रिगेड ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है। वहीं पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया, साथ ही मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की।



- 18 लोगों की हालत गंभीर
- मेटेरियल बनाते वक्त धमाका हुआ

## भारत टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब टीम 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। आखिरी सुपर-8 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में भारत ने 19.2 ओवर में 5 विकेट पर जीत हासिल कर ली। सैमसन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय पारी डगमगाई। टीम ने अभिषेक शर्मा (10 रन) और ईशान किशन (10 रन) के विकेट पावरप्ले के अंदर 41 रन पर गंवा दिए थे। यहां से संजू सैमसन ने मोर्चा संभाला और एक छोर से टिके रहे। *(विस्तृत खेल पेज पर)*




## सीएम सैनी आज पेश करेंगे 2.15 लाख करोड़ का बजट

# कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और बुनियादी ढांचे समेत 10 सेक्टरों पर रहेगा विशेष फोकस

### इस बार बजट में 10 से 12% की बढ़ोतरी संभव

**चंडीगढ़ (योगेंद्र शर्मा)।** हरियाणा विधानसभा में सोमवार 2 मार्च को सूबे के मुख्यमंत्री नायब सैनी लगातार दूसरी बार प्रदेश का बजट पेश करेंगे। इस बार के बजट में दस से बारह फीसदी उछाल की संभावना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट दोपहर 12 बजे का वक्त प्रस्तुत करने के लिए रखा गया है। सूत्रों के अनुसार यह बजट लगभग 2,15,000 करोड़ से 2,20,000 करोड़ के बीच संभावित है। यह बजट नायब सिंह सैनी सरकार का पहला पूर्ण बजट है, जिसमें सरकार अपनी नीतिगत प्राथमिकताओं, विकास की रणनीति और जनता से किए वादों को साकार करने का पूरा रोडमैप सामने रखेगी। बजट की तैयारी में इस बार परंपरागत तरीकों के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित आंकड़ा विश्लेषण का भी उपयोग किया है, ताकि जनता के सुझावों और जमीनी जरूरतों को बजट में शामिल किया जा सके।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर:** दस सेक्टरों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सबसे ऊपर रखा गया है। इस बार इस सेक्टर में 25% की वृद्धि हो सकती है। पिछले साल के आंकड़ों के अनुसार, इस सेक्टर को 4950.96 करोड़ मिले थे। इस बार यह राशि बढ़कर 6500 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

**पावर:** इस सेक्टर में सरकार आम लोगों को कई तरह की सब्सिडी देती है, इसलिए इस सेक्टर के बजट में बढ़ोतरी होगी। इस सेक्टर में 25 से 30% की वृद्धि होने की उम्मीद है। पिछले साल इस सेक्टर को 6379.63 करोड़ आवंटित किए गए थे।

**परिवहन:** सरकार के पास अभी 5000 बसों का बेड़ा है, जिसे बढ़ाने की तैयारी है। इसके अलावा, हर जिले में इलेक्ट्रिक बसें भी दी जानी हैं। इसे देखते हुए पिछले साल के मुकाबले इस साल के बजट में वृद्धि दिखाई देगी।

**कृषि:** पिछले साल इस सेक्टर को 1254 करोड़ मिले थे। खेती-किसानी प्रदेश में हमेशा एक बड़ा मुद्दा रहता है, इसलिए इस क्षेत्र में लगभग 1500 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

**शिक्षा:** इस सेक्टर में हर साल 22 हजार करोड़ रुपये तक खर्च किए जाते हैं। इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तहत तकनीकी शिक्षा के लिए नई कक्षाएं शुरू होनी हैं। पीएम श्री स्कूल खोले जाने हैं। पिछले साल इस सेक्टर को 22296 करोड़ रुपये दिए गए थे। इसे देखते हुए इस सेक्टर में 15% की वृद्धि रहेगी।



लगातार दूसरी बार बजट पेश करेंगे नायब

**स्वास्थ्य विभाग:** पिछले साल इस सेक्टर में 10159 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। इस बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

**पंचायत राज एवं ग्रामीण विभाग:** प्रदेश में पंचायत चुनाव भी होने वाले हैं, इसलिए इस सेक्टर पर विशेष जोर रहेगा।

**शहरी एवं स्थानीय विभाग:** पिछले साल इस सेक्टर में 5666 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था।

**होम डिपार्टमेंट:** मुख्यमंत्री नायब सैनी खुद इस विभाग की जिम्मेदारी देख रहे हैं। पहले कार्यकाल में मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में होम डिपार्टमेंट को 8315 करोड़ रुपए मिले थे।

**समाज कल्याण:** शिक्षा के बाद हरियाणा सरकार सबसे ज्यादा समाज कल्याण पर खर्च करती है। यही वजह है कि पिछले बजट में 16650 करोड़ रुपए रखे गए थे।

## खबर संक्षेप

### बच्चे का अपहरण कर कुकर्म करने वाले को उम्रकैद की सजा

**भिवानी।** अदालत ने बच्चे का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म करने के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोषी पर 60 हजार रुपये का जुर्माना किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर भिवानी क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने थाना सदर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि आरोपी ने उसके नाबालिग बेटे का अपहरण कर खेत में बने एक कमरे में ले जाकर कुकर्म किया तथा जान से मारने की धमकी दी। अदालत ने सत्यवान उर्फ बाणा पुत्र सुनहरा निवासी गांव धनाना को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

### फर्जी दस्तावेजों से विदेशी आरोपी को जमानत दिलाने वाला धरा

**गुड़गांव।** सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए नाइजीरियन आरोपी को जमानत दिलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरअसल, 11 फरवरी को शिवाजी नगर थाना पुलिस को अदालत से शिकायत मिली थी। इसमें कहा गया कि विदेशी आरोपी को जमानत दिलाने के लिए दो व्यक्तियों के नाम से जमानती बॉन्ड प्रस्तुत किए गए थे। बाद में इन व्यक्तियों ने अदालत में बयान दिया कि उन्होंने कभी भी आरोपी की जमानत नहीं दी। पुलिस ने इस मामले में फरीदाबाद के एसी नगर निवासी अनिल को गिरफ्तार किया था।

### पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी गिरफ्तार

**गुड़गांव।** छीना झपटी करने के मामले में पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी को डीएलएफ सेक्टर-29 थाना पुलिस ने ग्वाल पहाड़ी से काबू कर लिया। मोबाइल स्नेचिंग में पुलिस ने दिल्ली के रवि (22) व आदित्य (22) को गिरफ्तार किया था। अदालत से रिमांड पर लिया था। इस दौरान आरोपी रवि कस्टडी से फरार हो गया था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## यमुनानगर में रेलवे लाइन के पास मिला युवक का शव, छाती पर लिखा था युवती का नाम

# जन्मदिन पर महिला मित्र से मिलने गए युवक की हत्या, मुंह में कपड़ा ठूंस फेविकोल से चिपकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के बाड़ी माजरा में रेलवे लाइनों के पास युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ है और ऊपर फेविकोल डाला हुआ है।



जिससे फेविकोल मुंह पर पूरा जमा हुआ था। इसके साथ ही मृतक के गले पर दबाने के निशान भी हैं। दोपहर को शव की पहचान यमुनानगर की शंकरपुरी कॉलोनी छोटी लाइन निवासी 21 वर्षीय राजीव के रूप में हुई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि दो दिन पहले उसका जन्मदिन था और वह एक महिला दोस्त से मिलने गया था। जहां शव मिला है, उसके पास ही उसकी दोस्त का घर है। ऐसे में शक की सुई उसी ओर इशारा कर रही है।

जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह लगभग 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि बाड़ी माजरा रेलवे लाइन के पास सफेदे के पेड़ों के बीच एक शव पड़ा है। पुलिस ने जांच करते हुए शव कब्जे में लिया। मृतक की बाजू पर राजीव व छाती पर स्नेहा लिखा हुआ है। सीन आफ क्राइम टीम ने भी वारदात स्थल पर जांच की। मृतक का एक जूता कुछ ही दूरी पर पड़ा मिला, जबकि एक उसके पैर में था। घटनास्थल पर झड़प के भी निशान मिले हैं, जिससे यही सामने आ रहा है कि युवक को उसके जानकार यहां पर लेकर आए और उसकी हत्या कर दी। युवक ने बचने का भी प्रयास किया, लेकिन वह शोर न मचा सके इसलिए उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा गया और ऊपर फेविकोल भी डाला हुआ था।



मौके पर जांच करती पुलिस।

### युवती व उसके दोस्त पर जताया शक

मां ज्योति ने बताया कि राजीव पिछले काफी समय से एक युवती से बातचीत करता था और उसने उसके नाम का टैटू भी गुदवाया हुआ था। राजीव के लापता होने पर उन्होंने युवती से संपर्क भी किया था और उसने बताया था कि राजीव मिलने आया था। इससे ज्यादा उसने कुछ नहीं बताया। परिवार का आरोप है कि युवती का अमित नाम के युवक के साथ संबंध था। अमित ने कई बार राजीव को चेतावनी दी थी। परिवार का आरोप है कि युवती और अमित ने मिलकर राजीव की हत्या की है।

**चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था राजीव :** मृतक के भाई ने बताया कि राजीव डीजे की दुकान पर पिछले काम कर रहा था। पिता का पहले ही निधन हो चुका है। तीन भाइयों और एक बहन में राजीव दूसरे नंबर पर था। परिवार ने जल्द न्याय दिलाने की मांग की है।

## दो कनाल जमीन विवाद में पूर्व सरपंच व भतीजे की घर में घुसकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



जिले के गांव खोखर में जमीनी विवाद के चलते पूर्व सरपंच व उसके भतीजे की हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने घर में घुसकर घटना का अंजाम दिया। इस हमले में दूसरे पक्ष के भी तीन-चार अन्य लोगों को चोटें आई हैं, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पूर्व सरपंच जरमल सिंह व उसके भतीजे दिलजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया।

खोखर के पूर्व सरपंच जरमल सिंह का जसवंत सिंह से दो कनाल जमीन को लेकर पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि परिवार के एक सदस्य ने दो कनाल जमीन किसी को बेच दी थी और बाद में सौदा रद्द हो गया। खरीददार ने पूर्व सरपंच से कहा कि तुमने सौदा रद्द करवाया है जिससे यह विवाद शुरू हुआ। रविवार सुबह दोनों पक्षों में फिर कहासुनी शुरू हुई जो खूनी संघर्ष में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि जरमल सिंह व उसके भतीजे दिलजीत सिंह की लाठी-डंडों व बरछे के वार से हत्या कर दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जरमल सिंह व दिलजीत सिंह को कालांवाली के अस्पताल में पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के घायल जसवंत सिंह, बिकर सिंह व मोती को उपचार के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रामपुरा बेरी में शोक जताने जा रहे थे कलिंगा के ग्रामीण

# टायर फटने से ओवरलोड वाहन पलटा, 3 महिलाओं की मौत, 16 घायल



भिवानी। घायलों का हालचाल जानते उपायुक्त साहिल गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव कलिंगा से रामपुरा बेरी जा रहा एक सवारियों से भरा छोटा हाथी (टाटा मैजिक) धिराणा चौक पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गया। इससे मौके पर तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए। इनमें बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। वाहन टायर फटने से असंतुलित होना बताया जा रहा है। नागरिक अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। हादसे में ज्यादा जनहानि होने का एक कारण यह भी रहा। उक्त लोग रामपुरा बेरी में एक मौत पर शोक जताने के लिए जा रहे थे। हादसे में कृष्णा पत्नी श्रीनिवास, मूर्ति पत्नी ऋषिराम व फूलवति पत्नी रामोतार की जान गई है। सभी मृतक महिलाओं की उम्र करीब 60 से 70 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

### कूड़ा डाल रही महिला को हाइवा ने कुचला, मौत

**गुड़गांव।** राजेंद्रा पार्क एरिया के चंदू गांव में सड़क पर खड़े ट्रैक्टर-टॉली में कूड़ा डाल रही महिला पूनम को मिट्टी से भरे हाइवा ने कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर व हाइवा के बीच फंसी महिला की मौत हो गई। ट्रैक्टर के चालक सतीश को भी चोटें आई हैं। आरोपी चालक हाइवा को मौके पर छोड़कर भाग गया। जांच अधिकारी एएसआई किरनपाल ने बताया कि पूनम रानी व ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारने वाले हाइवा को जब्त कर लिया गया है। गाड़ी के मालिक को नोटिस भेजकर आरोपी की पहचान की जाएगी।

# गोरक्षकों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास, किया पथराव



कुरुक्षेत्र। गोतस्करों की गाड़ी के साथ गोरक्षक व पुलिस कर्मचारी।

- दो आरोपियों को पकड़ा, अन्य फरार, गाड़ी में भरे चार गोवंश को मुक्त करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

थाना शाहाबाद क्षेत्र में रविवार तड़के गो-तस्करी की एक बड़ी कोशिश नाकाम कर दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने गोरक्षकों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और पथराव भी किया। संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके से चार गोवंश बरामद किए गए हैं। गोरक्षा दल के जिला प्रधान निखिल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि रविवार तड़के 3.15 बजे गोरक्षा दल को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध पिकअप वाहन जलेबी पुल की ओर से गो-तस्करी के उद्देश्य से प्रवेश करेगा। संदिग्ध वाहन को रुकने का इशारा करने पर वाहन सवार लोगों ने गाड़ी तेज कर गोरक्षकों पर चढ़ाने का प्रयास किया। साथ ही पथराव कर मौके से भागने की कोशिश की। हंगामे के बीच 5-6 लोग वाहन छोड़कर भागने लगे। भागते समय दो आरोपी खेतों में लगी नुकीली तारों में फंस गए, जिससे उन्हें चोटें आईं। पूछताछ में इन आरोपियों ने अपने नाम मोनिस पुत्र इमरान निवासी सुल्तानपुर (यूपी) और सानु पुत्र खलील निवासी दूधगढ़ (यूपी) बताए। वाहन की तलाशी लेने पर चार गोवंश को ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ पाया गया, जिन्हें ऋषि मारकंडेश्वर मंदिर की गोशाला में छोड़ दिया गया है। वहीं, दो आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

## गन्नौर में शार्ट सर्किट से आग, सिलेंडर भी फटे

# निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी में आग से श्रमिकों के 40 कमरे जलकर राख

> मंडी में टीन शेड से बने थे लेबर क्वार्टर, आग के वक्त सभी काम पर गए हुए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गन्नौर में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी परिसर में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग मंडी के भीतर बने श्रमिक आवासों में लगी, जो टीन शेड से तैयार किए गए थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, शार्ट सर्किट से चिंगारी भड़की और कुछ ही मिनटों में लपटों ने पूरे शेड को अपनी चपेट में ले लिया। करीब 40 कमरे जलकर खाक हो गए। घटना दोपहर लगभग एक बजे की बताई जा रही है।

आग की सूचना मिलते ही दमकल केंद्र गन्नौर और बड़ी से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान क्वार्टरों में रखे एलपीजी गैस सिलिंडर भी तेज गर्मी के कारण फट गए, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। हादसे के समय श्रमिक बाहर थे, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना बड़ी की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।



### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कचरे में लगी आग

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को खाली पड़े मैदान में जमा औद्योगिक कचरे में अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही देर में लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग एक किलोमीटर तक घना धुआं फैल गया। धुएं का गुबार जीटी रोड तक पहुंच गया, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि क्षेत्र में फैले धुएं के कारण आसपास के लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

# डंपर ने बाइक को मारी टक्कर दादी-पोती की मौत, बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सेक्टर-9 क्षेत्र में रविवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दादी और पोती की मौत हो गई, जबकि बेटा घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बड़ा गांव निवासी 55 वर्षीय फूलवती, 15 वर्षीय पोती दीपिका और 35 वर्षीय बेटा राजबीर बाइक पर सवार होकर करनाल की ओर आ रहे थे। दीपिका 10वीं कक्षा की छात्रा थी। जैसे ही उनकी बाइक सेक्टर-9 में अशोका नर्सरी के पास पहुंची, पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।



विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने जब हादसा देखा तो काफिला रुकवा लिया। उन्होंने पुलिस को आरोपी को जल्द पकड़ने के आदेश दिए।

## कार ने बाइक सवार 2 दोस्तों को रौंदा

**पलवल।** बामनीखेड़ा-हसनपुर मार्ग पर पिंगोड गांव के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, पिंगोड गांव निवासी नाजिम ने पुलिस को बताया कि 28 फरवरी को देर रात वह और उसका भाई काशिम बाइक पर चिनाई के काम के लिए भूपगढ़ जा रहे थे। उनके आगे दूसरी बाइक पर उसका छोटा भाई सोहिल और उसका साथी सलमान बेलदारी के लिए जा रहे थे। पिंगोड गांव के पास सामने से आ रही एक सफेद रंग की वैगनआर कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सोहिल और सलमान की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सोहिल और सलमान कार के नीचे फंस गए। हादसे के बाद कार चालक कार को वहीं छोड़कर फरार हो गया। घायलों को सामान्य अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस जांच में आरोपी कार चालक की पहचान भूपगढ़ गांव निवासी त्रिलोक के रूप में हुई है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# रिटायर्ड फौजी को वित्तमंत्री का फर्जी वीडियो दिखाकर 40.52 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिले में साइबर ठगों ने रिटायर्ड सैन्य जवान से स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 40.52 लाख रुपये से ज्यादा ठग लिए। ठगों ने फौजी को फेसबुक पर वित्त मंत्री के नाम से फर्जी विज्ञापन दिखाकर फंसाया। साथ ही निवेश करने पर मोटा ब्याज देने का लालच दिया। थाना केयूके में आर्मी से रिटायर शकीन सिंह निवासी बगथला ने बताया कि 17 जनवरी को उन्होंने फेसबुक पर ग्लोबल टेक न्यूज आईडी पर पोस्ट देखी। इसमें वित्त मंत्री का वीडियो दिखाया गया था, जिसमें पैसे कमाने के लिए नीचे दिए लिंक पर रजिस्टर करना था। रजिस्ट्रेशन के बाद 21 हजार रुपये जमा करने पर हर हफ्ते 50-60 हजार रुपये प्रॉफिट मिलना था। रजिस्ट्रेशन के कुछ देर बाद उनके फोन पर इंटरनेशनल नंबर से कॉल आई। कॉलर ने एक वेबसाइट पर उनका अकाउंट ओपन करवाया और करीब 19 हजार रुपये जमा करवाए। दो दिन बाद एप पर प्रॉफिट दिखा आरोपी ने ज्यादा पैसे डालने पर ज्यादा प्रॉफिट होने का झांसा दिया। कॉलर की बातों में आकर उसने दो बार में कुल 10 लाख रुपये, फिर 8 लाख, 19 हजार, 2.30 लाख, 5.71 लाख समेत करीब 40.52 लाख रुपये जमा करवा दिए। पैसा जमा होने के बाद आरोपी ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया।

# झमोला में हुई हिन्दी की परीक्षा रद्द, सेंटर किया शिफ्ट

- सेंटर पर तैनात समस्त स्टाफ भी कार्यभार मुक्त किया, नए परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., जुलाना-02 पर होंगी परीक्षा
- सेंटर के सेवादार के मोबाइल में मिली थी उत्तरकुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. (प्रो.) पवन कुमार एवं सचिव मुनीश शर्मा, भा.प्र.से. ने संयुक्त रूप से बताया कि बोर्ड द्वारा संचालित अध्यक्ष विशेष आरएएफ उड़नदस्ता द्वारा जिला जीन्द के परीक्षा केन्द्र पीएसपीएम व.मा.वि.,झमोला पर छापेमारी के दौरान केन्द्र पर नियुक्त सेवादार के मोबाइल में सेकेंडरी हिन्दी विषय की परीक्षा से संबंधित 'डी' कोड की उत्तरकुंजी पाई गई थी। इसके अतिरिक्त केन्द्र पर काफी अनियमितताएं भी देखने को मिली। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा इस मामले में तुरन्त कार्रवाई करते हुए सेवादार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवा दी गई थी। बोर्ड प्रशासन द्वारा परीक्षा की पवित्रता भंग होने के कारण पीएसपीएम व.मा.वि., झमोला परीक्षा केन्द्र पर 28 फरवरी को संचालित हुई हिन्दी विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है तथा केन्द्र पर नियुक्त समस्त स्टाफ को भी तुरन्त प्रभाव से कार्यभार मुक्त कर दिया गया है।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा केन्द्र पीएसपीएम व.मा.वि.,झमोला केन्द्र को सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षा के लिए नए परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., जुलाना-02 (बी-02) पर शिफ्ट कर दिया गया है।

### नए केंद्र पर तैनात होगा नया स्टाफ

अब 03 मार्च से सीनियर सेकेंडरी एवं 05 मार्च से सेकेंडरी कक्षा की परीक्षाएं नए परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., जुलाना-02(बी-02)पर संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी, जीन्द को निर्देशित किया कि वह नए परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., जुलाना-02 (बी-02) पर नया स्टाफ (केन्द्र अधीक्षक, उप-केन्द्र अधीक्षक, पर्यवेक्षक अमला, लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) की नियुक्ति करना सुनिश्चित करें। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा बोर्ड विशेष तौर पर नकल रहित परीक्षाओं के संचालन को लेकर अति संवेदनशील है। इसलिए शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी के योगदान से ही बोर्ड द्वारा चलाया गया नकल रोको अभियान सफल हो पाएगा।


## शब्द पहेली - 6154




**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 6153 का हल







# कई देशों में फंसे भारतीय संकट में

मध्य पूर्व में बिगड़े हालात का सीधा असर वहां रहने वाली भारतीय आबादी पर पड़ रहा है। ईरान ने अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के मौत के बाद बदला लेने की कसम खाई है। उसने मध्य पूर्व में कई देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले भी किए हैं। इन देशों ने बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय रहता है।

**यूएई:** मध्य पूर्व में सबसे ज्यादा भारतीय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहते हैं। 2025 के आंकड़ों के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 35 से 43 लाख के बीच है, जो वहां का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। यह संख्या यूएई की कुल जनसंख्या का लगभग 35-38% है। इसमें से आधी से अधिक आबादी मुख्य रूप से दुबई में रहती है।
**सऊदी अरब:** मध्य पूर्व में दूसरी सबसे बड़ी भारतीय आबादी सऊदी अरब में रहती है। 2026 के आंकड़ों के अनुसार, सऊदी अरब में लगभग 24 से 25 लाख से अधिक भारतीय नागरिक रह रहे हैं। यह सऊदी अरब का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है, जो देश की कुल आबादी का लगभग 10-13% हिस्सा बनाते हैं।



- मध्य पूर्व में सबसे ज्यादा भारतीय यूएई में रहते हैं
- सऊदी अरब दूसरे नंबर पर और तीसरे पर कुवैत

**कुवैत:** भारतीयों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी कुवैत में रहती है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय में कुवैत में रहने वाले भारतीय प्रवासी और भारतीय मूल या वंश के कुवैती नागरिक शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, 2023 तक लगभग 10 लाख से अधिक भारतीय थे।
**कतर:** भारतीयों की चौथी सबसे बड़ी आबादी कतर में रहती है। कतर में भारतीयों की संख्या वर्तमान में 8.3 लाख (8,36,784) से अधिक होने का अनुमान है। भारतीय वहां के सबसे बड़े प्रवासी समुदाय हैं और कतर की कुल आबादी का लगभग 21% से 25% हिस्सा हैं। कतर में भारतीय डॉक्टर, नर्स, इंजीनियर, आईटी विशेषज्ञ, चार्टर्ड अकाउंटेंट और शिक्षक जैसे पेशों में कार्यरत हैं।
**इजरायल:** इजरायल में वर्तमान में भारतीय मूल के लोगों और भारतीय नागरिकों की कुल संख्या लगभग लगभग 18,000 से 42,000 के बीच अनुमानित है। इनमें से अधिकांश लोग केयरगिवर्स (बुजुर्गों की देखभाल), हीरा व्यापारी, आईटी पेशेवर और छात्र हैं। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद, इजरायल में श्रमिकों की कमी को पूरा करने के लिए भारत से निर्माण क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिक भेजे गए हैं। अगस्त 2025 तक लगभग 20,000 भारतीय श्रमिक इजरायल में कार्यरत थे।
**जॉर्डन:** जॉर्डन में लगभग 17,000 से 17,500 के बीच भारतीय नागरिक निवास करते हैं। धिकांश भारतीय कपड़ा कारखानों, निर्माण और विनिर्माण क्षेत्रों में कार्यरत हैं। जॉर्डन में लगभग 20 से अधिक परिधान कारखाने भारतीय स्वामित्व वाले हैं, जिनमें बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं।
**ईरान:** सरकारी अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में ईरान में लगभग 9,000 से 10,765 भारतीय नागरिक निवास कर रहे हैं। इनमें एक बड़ी संख्या छात्रों (2,000 मेडिकल छात्र), नाविकों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों की है। भारतीय समुदाय मुख्य रूप से तेहरान, इस्फहान और जाहेदान जैसे बड़े शहरों में केंद्रित हैं।

# युद्ध के साए में ईरान और भारत का कृषि व्यापार, हो सकता है प्रभावित

भारत और ईरान के बीच अब भी कृषि उत्पादों का अहम व्यापार होता है। भारत से बासमती चावल, चाय, मसाले और खाद्य सामग्री ईरान जाती है, जबकि ईरान से सूखे मेवे और फल भारत आता है, लेकिन ईरान-इजराइल युद्ध के चलते यह व्यापार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। इससे भारी नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

सेंट्रल डेस्क ▶▶ रोहतक

मिडिल ईस्ट में भड़की जंग ने एक बार फिर वैश्विक व्यापार की धड़कनें बढ़ा दी हैं। ईरान और इजरायल के बीच फिर शुरू हुए युद्ध, साथ ही ईरान के अलग-अलग देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों पर बड़ा असर पड़ा है। कई अहम हवाई मार्ग बाधित या सीमित हो गए हैं, जिससे मिडिल ईस्ट में और इस रास्ते से रास्ते होने वाला व्यापार सीधे संकट में आ गया है। इस अशांति की आंच भारत पर भी पड़ने की आशंका है। खासकर कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात में, जो समय और लॉजिस्टिक्स पर सबसे ज्यादा निर्भर रहते हैं। यह क्षेत्र अब गंभीर जोखिम में है।

अगर हालात लंबे खिंचे तो इसका सीधा नुकसान भारतीय किसानों और निर्यातकों को उठाना पड़ सकता है। बता दें कि भारत और ईरान के रिश्ते लंबे समय से रणनीतिक और आर्थिक रूप से मजबूत रहे हैं। ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर और कृषि जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का सहयोग दशकों पुराना है। हालांकि, बीते कुछ वर्षों में अमेरिकी प्रतिबंधों ने इस रिश्ते की आर्थिक धार को कुंद कर दिया है। इसका सीधा-सीधा असर भारत-ईरान के व्यापार के सरकारी आंकड़ों में दिखता है।

## हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों पर बड़ा असर पड़ा



### कृषि व्यापार बना आधार

जब ईरान से तेल का व्यापार रुका, तब भारत-ईरान रिश्तों को जीवित रखने में कृषि और खाद्य उत्पादों ने अहम भूमिका निभाई। मौजूदा व्यापार ढांचे में कृषि आयात-निर्यात की हिस्सेदारी काफी अहम है। ईरान से भारत का कृषि आयात मुख्य रूप से उच्च मूल्य वाले उत्पादों पर केंद्रित है। इसमें पिस्ता, खजूर, सेब, कीवी और अन्य कुछ उत्पाद शामिल हैं।

### ईरान को निर्यात

दूसरी ओर, भारत से ईरान को होने वाला कृषि निर्यात अपेक्षाकृत ज्यादा स्थिर रहा है। डीजीसीआईएस की वेबसाइट पर उपलब्ध डेटा के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में भारत ने ईरान को हजारों करोड़ रुपये मूल्य के कृषि और खाद्य उत्पाद भेजे। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा बासमती चावल का रहा। इसके अलावा चाय, मसाले, दालें, ताजे फल, पशु आहार, चीनी और कुछ प्रोसेस्ड फूड उत्पाद भी भारत के प्रमुख निर्यात में शामिल रहे।

### शिपमेंट में देरी का खतरा

अब मौजूदा युद्ध ने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। हवाई मार्गों के बंद और सीमित होने से खासकर उन कृषि उत्पादों पर असर पड़ने की आशंका है, जो एयर कार्गो के जरिए भेजे जाते हैं। ताजा सब्जियों, फलों और कुछ प्रोसेस्ड फूड की शिपमेंट में देरी का खतरा बढ़ गया है। इनका निर्यात रुकता है तो उत्पादों के खराब होने से किसानों और निर्यातकों को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

## भारतीय बासमती का सबसे बड़ा आयातक ईरान

बासमती की आपूर्ति ज्यादा दिन रुकी तो हरियाणा और पंजाब के राइस मिलर्स सबसे अधिक प्रभावित होंगे



**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल के ईरान पर लगातार किए जा रहे हमलों का सीधा असर पर भारतीय व्यापार पर भी पड़ेगा। ईरान भारतीय बासमती का सबसे बड़ा खरीदार हुआ करता था, जो अब भले ही तीसरे नंबर पर है। ईरान में मचे कोहराम से खासतौर पर भारत के बासमती चावल निर्यातक परेशान हैं, क्योंकि उन्हें बड़े नुकसान का डर सता रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहेंगे तो भारत से होने वाला एक्सपोर्ट और घट जाएगा। बहरहाल, ईरान में कई भारतीय चावल एक्सपोर्टरों की पेमेंट फंस जाने के डर से उनकी नींद उड़ गई है। बताया गया है कि करीब 1500 करोड़ रुपये से अधिक के बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर अटकी हुई है। ईरान को होने वाली बासमती चावल की आपूर्ति ज्यादा दिन रुकी तो हरियाणा और पंजाब के राइस मिलर्स सबसे अधिक प्रभावित होंगे, इसका असर किसानों तक भी आएगा, क्योंकि दाम गिरने की संभावना बढ़ जाएगी।

### 5.99 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का एक्सपोर्ट किया

इंडियन राइस एक्सपोर्टर फेडरेशन के डायरेक्टर जनरल बिनोद कौल के मुताबिक 2025-26 के अप्रैल से नवंबर महीने तक भारत ने ईरान को 5.99 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का एक्सपोर्ट किया है, जो पिछले साल की इसी अवधि से ज्यादा है। साल 2024-25 के अप्रैल से नवंबर तक मात्र 4.95 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का ही एक्सपोर्ट हुआ था। हालांकि वर्तमान में चल रहे आंदोलन के कारण दिसंबर 2025 से मार्च 2026 तक के क्वार्टर में एक्सपोर्ट बुरी तरह से प्रभावति होने का अनुमान है। क्योंकि इतनी अस्थरिता के दौर में कोई कैसे आयात करेगा। अभी भी कई लोगों की पेमेंट फंसी हुई है। इसलिए हमने सभी निर्यातकों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की है। जिसमें खासतौर पर पेमेंट को लेकर सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### चाय निर्यातकों की भी टेंशन

ईरान सिर्फ भारतीय प्रीमियम बासमती का ही नहीं बल्कि चाय का भी बड़ा आयातक है। साल 2024-25 में ईरान ने भारत से लगभग 11 हजार टन चाय का आयात किया। वहां की अस्थरिता से भारतीय चाय निर्यातकों की भी टेंशन बढ़ा दी है। भारत से ईरान में कॉफी, ताजे फल, मसाले, डेयरी प्रोडक्ट, दालें और चीनी का भी निर्यात किया जाता है। इन सब से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ी हुई है और वो ईरान में राजनीतिक स्थिरता की दुआ कर रहे हैं।

# सीआईए ने दी थी खामेनेई के ठिकाने की सटीक जानकारी

**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले की तैयारी से कुछ ही समय पहले सीआईए ने संभवतः सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य यानी देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के ठिकाने का पता लगा लिया था।सीआईए कई महीनों से खामेनेई की निगरानी कर रही थी और उनके ठिकानों तथा गतिविधियों के पैटर्न को लेकर उसका भरोसा बढ़ता जा रहा था। एजेंसी को पता चला कि शनिवार सुबह तेहरान के केंद्र में स्थित परिसर में ईरान के शीर्ष अधिकारियों की बैठक होने वाली है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि सीआईए को यह जानकारी भी मिली कि सर्वोच्च नेता स्वयं भी वहां मौजूद होंगे। इस नई खुफिया जानकारी का लाभ उठाने के लिए अमेरिका और इजराइल ने अपने हमले के समय में बदलाव करने का फैसला किया। इस सूचना ने दोनों देशों को एक महत्वपूर्ण और शुरुआती जीत हासिल करने का अवसर प्रदान किया। यानी शीर्ष ईरानी अधिकारियों का सफाया और ख़ामेनेई की हत्या।



- कई महीनों से ईरानी नेता पर नजर रखे हुए थी एजेंसी

### इजराइल ने बदला हमले का समय

ईरान के सर्वोच्च नेता को इतनी तेजी से हटाया जाना इस बात को दर्शाता है कि हमले से पहले अमेरिका और इजराइल के बीच कितना घनिष्ठ समन्वय और खुफिया साझेदारी थी तथा पिछले वर्ष के 12-दिवसीय युद्ध के बाद दोनों देशों ने ईरानी नेतृत्व पर कितनी गहरी खुफिया जानकारी विकसित कर ली थी। अभियान ने यह भी दिखाया कि ईरान के नेता पर्याप्त सावधानियां बरतने में विफल रहे, जबकि इजराइल-अमेरिका ने स्पष्ट संकेत दे दिए थे कि वे युद्ध की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया जानकारी से अवगत लोगों के अनुसार सीआईए ने खामेनेई की उपस्थिति पर सटीक जानकारी इजराइल को प्रदान की। अमेरिकी एजेंसी और अपनी जानकारी का उपयोग करते हुए इजराइल ने वह अभियान अंजाम दिया जिसकी योजना वह महीनों से बना रहा था यानी ईरान के वरिष्ठ नेताओं की लक्षित हत्या। मूल रूप से अमेरिका और इजराइल की सरकारों ने अंधेरे की आड़ में रात में हमला करने की योजना बनाई थी, लेकिन शनिवार सुबह तेहरान स्थित सरकारी परिसर में होने वाली बैठक की जानकारी मिलने के बाद समय में बदलाव किया गया। यह बैठक उस स्थान पर होने वाली थी जहां ईरानी राष्ट्रपति, सर्वोच्च नेता और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के कार्यालय स्थित हैं।

### अलग-अलग इमारतों में थे खामेनेई और अफसर

इजराइल ने आकलन किया था कि इस बैठक में ईरान के शीर्ष रक्षा अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर-इन-चीफ मोहम्मद पकपौर, रक्षा मंत्री अजीज़ नासिरज़ादेह, सैन्य परिषद के प्रमुख एडमिरल अली शामखानी, रिवोल्यूशनरी गार्ड एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर सैयद मजीद मौसवी, उप खुफिया मंत्री मोहम्मद शिराज़ी और अन्य अधिकारी शामिल थे। अभियान की शुरुआत इजराइल के समयानुसार सुबह लगभग 6 बजे हुई, जब लड़ाकू विमान अपने ठिकानों से उड़ान भरकर निकले। हमले में अपेक्षाकृत कम विमान इस्तेमाल हुए, वे लंबी दूरी और अत्यधिक सटीक हथियारों से लैस थे।विमानों के उड़ान भरने के दो घंटे पांच मिनट बाद उन्होंने तेहरान के समयानुसार लगभग सुबह 9:40 बजे, लंबी दूरी की मिसाइलों ने उस परिसर पर हमला किया। हमले के समय ईरान के वरिष्ठ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी परिसर की एक इमारत में मौजूद थे, जबकि ख़ामेनेई पास की दूसरी इमारत में थे।

### ट्रंप पहले भी दावा कर चुके थे खामेनेई के बारे में

एक इजराइली रक्षा अधिकारी ने संदेश में लिखा कि आज सुबह का हमला तेहरान के कई स्थानों पर एक साथ किया गया, जिनमें से एक जगह पर ईरान के राजनीतिक-सुरक्षा तंत्र के वरिष्ठ लोग एकत्र हुए थे। युद्ध की तैयारी के बावजूद इजराइल इस हमले में रणनीतिक आश्चर्य हासिल करने में सफल रहा। व्हाइट हाउस और सीआईए ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रविवार को ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने उन दो उच्च स्तरीय सैन्य नेताओं की मौत की पुष्टि की, जिन्हें इजराइल ने शनिवार को मार गिराने का दावा किया था: शामखानी और पकपौर। अभियान से अवगत लोगों ने इसे सटीक खुफिया जानकारी और महीनों की तैयारी का परिणाम बताया। पिछले जून में, जब ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना बन रही थी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका को पता है कि ख़ामेनेई कहां छिपे हैं और उन्हें मारा जा सकता है। एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, वह खुफिया जानकारी उसी नेटवर्क पर आधारित थी, जिस पर अमेरिका ने शनिवार को भी भरोसा किया।



### पिछले साल से ही जानकारी जुटाई जा रही थी

तब से अमेरिका द्वारा जुटाई गई जानकारी और भी बेहतर होती गई। उस 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिका ने यह भी सीखा कि दबाव की स्थिति में सर्वोच्च नेता और रिवोल्यूशनरी गार्ड किस तरह संवाद करते हैं और कैसे आवाजाही करते हैं। इसी जानकारी का उपयोग अमेरिका ने ख़ामेनेई की निगरानी और उनके संभावित कदमों का अनुमान लगाने की अपनी क्षमता को और सटीक बनाने के लिए किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान के प्रमुख खुफिया अधिकारियों के ठिकानों के बारे में भी विशिष्ट जानकारी जुटाई थी। शनिवार को नेतृत्व परिसर पर हमले के बाद किए गए बाद के हमलों में उन स्थानों को भी निशाना बनाया गया, जहां खुफिया अधिकारी ठहरे हुए थे। अभियान से परिचित लोगों के अनुसार इसके बावजूद ईरान का शीर्ष खुफिया अधिकारी बच निकला, लेकिन ईरान की खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ स्तर को भारी क्षति पहुंची।

**जंग का असर: आगे की परीक्षाओं पर निर्णय तीन मार्च को**

# जंग के बीच पश्चिम एशिया में सीबीएसई की परीक्षा रद्द

सीबीएसई ने मध्य पूर्व क्षेत्र में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए नई तिथियां तय की हैं। 2 मार्च 2026 को निर्धारित परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में सीबीएसई संबद्ध स्कूलों की परीक्षाएं टाली गई हैं। बोर्ड ने 3 मार्च को बैठक कर 5 मार्च से आगे की परीक्षाओं पर फैसला लेने का ऐलान किया है। संशोधित तिथियां जल्द ही घोषित की जाएंगी, छात्र अपने स्कूलों से अपडेट ले सकते हैं। यह निर्णय मध्य पूर्व के तनावपूर्ण हालात के कारण लिया गया है। छात्र चिंता न करें और नियमित पढ़ाई जारी रखें। बोर्ड सभी आधिकारिक घोषणाएं स्कूलों के माध्यम से करेगा।दूसरी ओर सोशल मीडिया पर एक फर्जी नोटिस भी वायरल हो रहा है। इस कथित सर्कुलर में दावा किया गया है कि कुछ देशों में असामान्य वैश्विक हालात और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण पैदा हुई बाधाओं तथा छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं।हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय की ओर से ट्वीट कर इस वायरल सर्कुलर को गलत बताया गया। बोर्ड ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों से सतर्क रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। परीक्षाएं तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी।

बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में सीबीएसई संबद्ध स्कूलों की परीक्षाएं टाली



# दुबई में फंसे बॉलीवुड के कई सितारे फंसे

दुबई में इस वक्त कई बॉलीवुड और फिल्मी जगत के सितारे फंसे हुए हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें वापस घर पहुंचाने की अपील की थी। वहीं, ईशा गुप्ता ने भी बताया कि वो यूएई में हैं लेकिन वहां की डिफेंस सिस्टम के कारण सुरक्षित हैं। खुद को फिल्म क्रिटिक कहने वाले कमाल आर खान भी दुबई में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने एक्स पर इस गंभीर स्थिति में रहने पर रिएक्ट किया है। केआरके ने लिखा है कि दुबई में मिसाइलों और ड्रोन के धमाकों की तेज आवाज के कारण मेरा परिवार पूरी रात सो नहीं पाया। शहर के लिए यह बहुत ही खतरनाक स्थिति है।



### कथा सुनाने पंडितजी भी अटके



ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण जोधपुर के 120 श्रद्धालु दुबई में फंस गए हैं। ये सभी लोग बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत अमृतराम महाराज की कथा सुनने के लिए दुबई गए थे। महाराज की 24 से 28 फरवरी तक दुबई में कथा थी, जो सेवन सीज होटल में थी।

# खामेनेई की मौत पर मातम, मस्जिदों में श्रद्धांजलि सभा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। कश्मीर के अलावा, लखनऊ में भी शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ में शिया समुदाय के लोग तीन दिन का शोक मनाएंगे। इस दौरान शिया समुदाय के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

हैदराबाद में खामेनेई की मौत पर लोग इजराइल के खिलाफ गरजे



पटना में नारेबाजी करते लोग



लखनऊ में शोक जताती महिलाएं



कुलगाम में विरोध प्रदर्शन



श्रीनगर में प्रदर्शन के बाद डीआईजी नलिन ने किया दौरा



प्रदर्शन का वीडियो बनाते यूएन सदस्य



जम्मू में शोक सभा



कुलगाम में विरोध प्रदर्शन



श्रीनगर में यूएन ऑफिस के बाहर प्रदर्शन



चिंतन

# बम से नहीं, वार्ता से सुलझाएं विवाद

संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए व्यापक सैन्य हमलों ने क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु एवं घायल होने की सूचना ने मानवीय संकट को और गहरा कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में ईरान द्वारा भी हमले किए जाने से स्थिति और विस्फोटक हो गई है। यह संघर्ष यदि इसी दिशा में आगे बढ़ता रहा, तो इसका प्रभाव केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी चपेट में आ सकती है। सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे जाएंगे, आर्थिक संकट भी बढ़ेगा। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बम और मिसाइलें क्षणिक बढ़त तो दिला सकती हैं, लेकिन वे स्थायी शांति की नींव नहीं रख सकतीं। इस संघर्ष ने न केवल हजारों परिवारों को शोक में डुबोया है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता को भी बढ़ाया है। स्कूलों, रिहायशी इलाकों और नागरिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्धों में सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक ही चुकाते हैं। ऐसे समय में वार्ता, संयम, संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता हैं जो व्यापक विनाश को रोक सकते हैं। मध्य पूर्व का भू-राजनीतिक महत्व पूरी दुनिया जानती है। ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यदि तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गहरा असर पड़ेगा। तेल की कीमतों में उछाल से विश्व अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा, महंगाई बढ़ेगी और विकासशील देशों की आर्थिक स्थिति और कठिन हो जाएगी। स्पष्ट है कि यह केवल दो या तीन देशों का मामला नहीं है, बल्कि पूरी वैश्विक व्यवस्था की स्थिरता का प्रश्न है। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। भारत का यह रुख संतुलित और जिम्मेदार कूटनीति का परिचायक है। इसी प्रकार चीन और रूस ने भी सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। यह सकारात्मक संकेत है कि वैश्विक शक्तियां कम से कम औपचारिक रूप से ही सही, शांति की वकालत कर रही हैं। वास्तव में, यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। क्या सैन्य हमले किसी परमाणु या सुरक्षा विवाद का स्थायी हल दे सकते हैं? क्या क्षेत्रीय प्रभुत्व की राजनीति निर्दोष नागरिकों के जीवन से अधिक मूल्यवान है? इन प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट है। विश्व व्यवस्था नियम-आधारित होनी चाहिए, जहां सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो। यदि कूटनीतिक प्रयासों को मजबूत किया जाए, तो विवादों का समाधान संभव है। अतीत में भी कई जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद वार्ता की मेज पर सुलझे हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा और प्रतिबंधों जैसे मुद्दों पर व्यापक और पारदर्शी वार्ता ही आगे का रास्ता दिखा सकती है। सैन्य टकराव से केवल अविश्वास बढ़ता है, जबकि संवाद से पुल बनते हैं। विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश देना होगा कि 21वीं सदी में संघर्षों का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है। इसलिए यही उचित होगा कि सभी पक्ष तुरंत सैन्य कार्रवाइयों पर विराम लगाएं, तनाव कम करें और बातचीत की प्रक्रिया को पुनः आरंभ करें। बम से नहीं, बल्कि वार्ता से ही स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।



तनाव
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चिंताएं

ईरानी और इजराइल-अमेरिका युद्ध लंबा खिंचने की आशंका से भारत की भी कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी जैसी चिंताएं बढ़ सकती हैं। लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा।

इजराइल-अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान के द्वारा इजरायल व अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमलों से निर्मित युद्ध ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खास तौर से इस युद्ध में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद जहां ईरानी सेना ने इजराइल-अमेरिका से इसका पूरा बदला लेने और इजराइल- अमेरिका के द्वारा ईरान को पूरी तरह से कमजोर किए जाने के वक्तव्यों से इस युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे भारत की भी चिंताएं बढ़ सकती हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी की आशंकाओं से संबंधित हैं।

उल्लेखनीय है कि ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। ईरान ने 33 किलोमीटर चौड़ा यह जल मार्ग रोक दिया है। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। चूंकि भौगोलिक रूप से ईरान भारत का पड़ोसी क्षेत्र है और कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब आधा कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। वजह यह है कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ा सकती है। स्थिति यह है कि युद्ध के तनाव के बीच 28 फरवरी को कच्चे तेल की कीमत 73 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई, जो सात माह का रिकॉर्ड मूल्य स्तर है। युद्ध के लंबा खिंचने पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है। ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश युद्धग्रस्त है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर भी हो सकता है।

इस युद्ध से वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी बड़ा असर पड़ने की आशंका है। इस युद्ध से भारत के शेयर बाजार में बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेचने और बड़ी संख्या में निवेश निकालने की स्थिति दिखाई दे सकती है । सेंसेक्स और निफ्टी के लिए मार्च 2026 बड़ी गिरावट का महीना होगा। इस युद्ध के कारण निवेशक तेजी से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी



रुख करते हुए दिखाई देंगे। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत और तेजी से बढ़ेगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध के लंबा खिंचने पर पश्चिम एशिया में रहने वाले करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी भारत के लिए चिंता का कारण बन सकती है। इस युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ सकता है और भारतीय रुपया कमजोर भी हो सकता है।

लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ था और इस वर्ष 2026 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में इस समय लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। इसी तरह इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था।

एक खास बात यह है कि भारत में महंगाई नियंत्रित है भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जनवरी 2026 में 1.81 प्रतिशत पर रही है। इसी तरह उपभोक्ता महंगाई दर 2.75 प्रतिशत रही है। भारत में महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्धारित लक्ष्य से भी कम है। निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। यदि युद्ध से जरूरी दवाइयों की आपूर्ति में कोई कमी आती है, तो सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले 35 प्रमुख कच्चे माल (एपीआई) का उत्पादन देश में ही तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे सकेगी। इससे दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। इस युद्ध के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। इस समय भारत के पास 74 दिनों की रणनीतिक कच्चा तेल भंडार उपलब्ध है। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। इससे कुछ ही देशों से तेल खरीदने संबंधी जोखिम कम हो गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने, महंगाई नियंत्रण व जरूरी दवाइयों की किफायती दाम पर आपूर्ति के लिए जो प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, वे युद्ध की चुनौती के बीच भारत के आम आदमी को राहत देते हुए दिखाई दे सकेंगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के दुर्भाग्यपूर्ण रूप से विस्तारित होने पर युद्ध से निर्मित आर्थिक चुनौतियों की आशंका के मद्देनजर ऐसी बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिससे देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकेगा।

( लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कूटनीति
महेन्द्र तिवारी



# खामेनेई के बाद ईरान की रणनीति व भारत पर असर

अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु और उसके बाद मोजतबा खामेनेई का सत्ता के केंद्र में आना ईरान के इतिहास का वह मोड़ है, जहां से वापसी का रास्ता केवल संघर्ष और रणनीतिक आक्रामकता से होकर गुजरता है। ईरान की आगामी रणनीति अब केवल अस्तित्व बचाने की नहीं, बल्कि अपने खोये हुए गौरव और नेतृत्व के अपमान का बदला लेने की है। अहमद वाहिदी जैसे कट्टरपंथी सैन्य रणनीतिकार के हाथों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कमान होने का सीधा अर्थ है कि ईरान अब 'रणनीतिक धैर्य' की नीति को त्यागकर 'प्रत्यक्ष प्रतिशोध' के युग में प्रवेश कर चुका है। मोजतबा खामेनेई के लिए चुनौती दोहरी हैः उन्हें न केवल अपने पिता की विरासत को सुरक्षित रखना है, बल्कि देश के भीतर पनप रहे असंतोष और बाहर से हो रहे सैन्य प्रहारों के बीच एक संतुलन बनाना है। ईरान की अगली चालों में सबसे महत्वपूर्ण उसका परमाणु कार्यक्रम होगा। अंतरराष्ट्रीय दबाव व हमलों के बावजूद, ईरान अब परमाणु हथियार की क्षमता को 'अंतिम सुरक्षा कवच' के रूप में देख रहा है। 2025-26 के इस कालखंड में ईरान का 90% तक यूरेनियम संवर्धन करना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक ब्लैकमेलिंग का हथियार है, जो पश्चिम को सीधे टकराव से रोकने के लिए इस्तेमाल होगा। क्षेत्रीय स्तर पर, ईरान अपने 'एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस' यानी हिजबुल्लाह, हूती व हमास को नई ऊर्जा और आधुनिक हथियारों से लैस करेगा ताकि इजरायल-अमेरिकी ठिकानों पर दबाव बना रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी ईरान का वह ब्रह्मास्त्र है, जिसे वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने में इस्तेमाल कर सकता है।

इस भीषण उथल-पुथल के बीच भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक और चुनौतीपूर्ण हो गई है। भारत के लिए ईरान केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया तक पहुंचने का प्रवेश द्वार है। ईरान में इस तरह का नेतृत्व परिवर्तन और युद्ध की स्थिति भारत की 'स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी' यानी रणनीतिक स्वायत्तता की कड़ी परीक्षा है। भारत ने हमेशा से एक संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाई है, जहां उसने एक तरफ इजरायल के साथ गहरे रक्षा संबंध बना रखे हैं, वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ चाबहार पोर्ट जैसे रणनीतिक निवेशों के जरिए अपनी कनेक्टिविटी को सुरक्षित किया है। खामेनेई के बाद यदि ईरान पूरी तरह से चीन और रूस के पाले में चला जाता है, जैसा कि वर्तमान संकेतों से लग रहा है, तो भारत के लिए अपनी स्वायत्तता बनाए रखना कठिन होगा। अमेरिका और इजरायल के साथ भारत की बढ़ती निकटता के बीच ईरान का नया कट्टरपंथी नेतृत्व नई दिल्ली को संदेह की दृष्टि से देख सकता है। यदि ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगते हैं या वह पूर्ण युद्ध में उलझता है, तो चाबहार बंदरगाह और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' जैसे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में जा सकते हैं, जो भारत के लिए मध्य एशिया और यूरोप तक पहुंचने का सबसे छोटा और सस्ता रास्ता हैं। भारत की विदेश नीति के लिए यह वह समय है जब उसे 'गुटनिरपेक्षता 2.0' के सिद्धांतों पर चलते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि वह किसी एक पक्ष का मोहरा न बने।

सामाजिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखें तो ईरान और पश्चिम के बीच बढ़ता तनाव भारत के भीतर के जनसांख्यिकीय संतुलन और प्रवासी सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और वहां से आने वाला प्रेषण भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि युद्ध फैला, तो उनकी सुरक्षित वापसी बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती होगी।

अंततः, खामेनेई के बाद का ईरान एक ऐसा ज्वालामुखी है जिसके फटने का असर वाशिंगटन से लेकर नई दिल्ली तक महसूस किया जाएगा। मोजतबा खामेनेई और अहमद वाहिदी की जोड़ी ईरान को एक सैन्यीकृत धार्मिक शासन की ओर ले जा रही है, जो कूटनीति से अधिक शक्ति प्रदर्शन में विश्वास रखता है। भारत को ऐसे समयय में अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' को ढाल बना अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, भले ही इसके लिए उसे कठिन कूटनीतिक फैसले लेने पड़ें। उसे चाहिए कि वह ईरान के नए नेतृत्व के साथ अनौपचारिक माध्यमों से संवाद बनाए रखे और साथ ही अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करे। ईरान का यह संकट वैश्विक व्यवस्था के पुनर्निर्धारण का संकेत है, और भारत को इस बदलती व्यवस्था में एक दर्शक के बजाय निर्णायक भूमिका निभानी होगी, ताकि उसकी ऊर्जा सुरक्षा और संप्रभुता पर आंच न आए। ईरान की अगली चालें केवल उसके भविष्य को ही नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी नई दिशा देंगी।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कुंभकर्ण एवं रावण के पिछले जन्म का रहस्य



संकलित
दर्शन

सनक, सनंदन, सनातन तथा सनतकुमार भगवान विष्णु से मिलने वैकुंठ लोक गए। वहां उनके द्वारपाल जय-विजय ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और उनका अपमान किया। इससे क्रुद्ध होकर चारों मुनि कुमारों ने जय-विजय को पृथ्वी लोक पर असुर के रूप में जन्म लेने का शाप दे दिया। ऋषि कुमारों द्वारा शाप मिलने पर दोनों द्वारपालों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वे दोनों उनके चरणों पर गिरकर पश्चाताप करने लगे और अपने अपराध के लिए क्षमा मांगने लगे। उसी समय वहां देवी लक्ष्मी सहित विष्णु पधारे। चारों मुनि कुमारों ने उन्हें प्रणाम किया। जय-विजय ने भगवान विष्णु को सास वृत्तांत सुनाया और प्रार्थना करते हुए कहा, 'प्रभु हम पर दया करें। हमें शाप मुक्त करें।' भगवान विष्णु ने कहा, 'यह मेरे वश में नहीं है। ये चारों मुनि कुमार ही तुम्हें इस शाप से मुक्त कर सकते हैं।' मुनि कुमारों को दोनों द्वारपालों पर दया आ गई। उन्होंने जय-विजय से पूछा, 'आप सौ योनियों में जन्म लेकर भगवान विष्णु के भक्त बनकर जीने के बाद शाप मुक्त होना चाहेंगे या फिर तीन योनियों में भगवान के शत्रु बनकर जीने के बाद मुक्त होना चाहेंगे। दोनों ने कहा, 'सौ जन्म भगवान से दूर रहने की बजाय हम तीन जन्मों का ही चयन करेंगे।' जय और विजय ने असुरों के रूप में पहली योनि में हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकशिपु, दूसरी योनि में कुंभकर्ण एवं रावण और तीसरी योनि में शिशुपाल तथा दंतवक्र के रूप में जन्म लिया। भगवान विष्णु ने नरसिंह, राम तथा कृष्ण का अवतार धारण कर उनका संहार कर शाप से मुक्ति दिलाई।


## आपकी इच्छाशक्ति में सफलता का बीज



संकलित
प्रेरणा

दुर्बल इच्छाशक्ति एक सीमित इच्छाशक्ति है। जैसे ही कठिनाइयां और असफलताएं उसे नष्ट कर देती हैं, अनंत शक्ति के स्रोत से उसका संबंध टूट जाता है। अच्छे उद्देश्य के लिए इच्छाशक्ति के पीछे ईश्वर की इच्छाशक्ति होती है, जो कभी विफल नहीं हो सकती। यहां तक कि ईश्वर की इच्छाशक्ति को रोकने की शक्ति मृत्यु में भी नहीं है। जिस प्रार्थना के पीछे अनवरत इच्छाशक्ति हो, उस प्रार्थना का उत्तर प्रभु अवश्य देंगे। अधिकांश लोग जब कुछ ऐसा पाने की कोशिश कर रहे होते हैं, जिसका उनके लिए बहुत महत्व है, तो वे अत्यधिक अशांत या तनावग्रस्त हो जाते हैं। अधीर और अशांत कार्य ईश्वर की शक्ति को आकर्षित नहीं करते, परंतु इच्छाशक्ति का निरंतर शांत, शक्तिपूर्ण प्रयोग सृष्टि की शक्तियों को झकझोर देता है और अनंत से उत्तर प्राप्त करता है। आप जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसकी सफलता का बीज आपकी इच्छाशक्ति में है। कठिनाइयों से बुरी तरह आहत हुई इच्छाशक्ति थोड़े समय के लिए पंगु हो जाती है, परंतु जो कृतसंकल्प मनुष्य यह कहता है, 'मेरा शरीर भले ही टूट जाए, परंतु इच्छाशक्ति रूपी मेरा सिर झुक नहीं सकता।' वह इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करता है। इच्छाशक्ति ही आपको दिव्य बनाती है। जब आप उस इच्छाशक्ति का प्रयोग करना बंद कर देते हैं, तो आप नश्वर मानव बन जाते हैं। बहुत-से लोग कहते हैं कि हमें अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग परिस्थितियों को बदलने के लिए नहीं करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *- रमेश कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर


### ईरान में आसान नहीं होगा सत्ता परिवर्तन



ईरान में गूंजे धमाकों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ सैन्य दबाव है या ईरान में सत्ता परिवर्तन की शुरुआत। इन हमलों के पैमाने से आपको क्या संकेत मिलता है? मुझे लगता है कि इन बड़े हमलों और क्षेत्र में कई हफ्तों से तैनात जहाजों तथा कुछ सैनिकों के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहा है। मेरा अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक और हमले हो सकते हैं। शुरुआत में वे उस पारंपरिक रणनीति को अपनाएंगे, जिसमें सेना के कमांड और नियंत्रण प्रणाली यानी सैन्य नियंत्रण के मुख्य केंद्रों को निशाना बनाया जाता है। मीडिया में आ रही खबरों से हमें पहले ही पता लग गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आवास पर हमला किया गया है। इसमें उनकी मौत हो गई है। यहां अमेरिका की रणनीतिक अंतिम योजना क्या है? सत्ता परिवर्तन करना आसान नहीं होगा। आज ट्रंप ने ईरानी जनता से सरकार को गिराने की अपील की है लेकिन यह बहुत कठिन काम है। बिना हथियारों के लोग उस शासन को मुश्किल गिरा पाएंगे जो बहुत कड़े नियंत्रण में है और जिसके पास भारी हथियार हैं।

## ऑफ बीट

### विकसित भारत 2047 युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालयों व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## ट्रेंड

### अहम भूमिका निभाएगा तमिलनाडु



तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ममता को हटाना चाह रही जनता



तृणमूल पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी में बदलाव कर इसे 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाना चाहती है। राज्य का हर सही सोच रखने वाला नागरिक अब अपनी सुरक्षा और अस्तित्व के लिए ममता बनर्जी की इस सरकार को हटाना चाहता है। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय मंत्री

### पिंक कार्ड से फ्री यात्रा



पिंक कार्ड से दिल्ली की महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही इसका उपयोग मेट्रो, क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सशुल्क यात्रा के लिए भी किया जा सकेगा। **-रेखा गुप्ता,** सीएम, दिल्ली

### पीएम को देश मतलब नहीं



भाजपा ने एक साल के शासन में राष्ट्रीय राजधानी को बर्बाद कर दिया। यहां की सड़कें टूटी हुई हैं, पानी भी दूषित है और वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री का देश से कोई मतलब नहीं है। **-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दुबई हवाई अड्डे पर सिंधू व कोच सुरक्षित, स्थिति तनावपूर्ण व डरावनी

एजेंसी ▸▸ दुबई

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को 'तनावपूर्ण और डरावना' बताया क्योंकि जहां खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वह और उनके इंडोनेशियाई कोच रुके हुए थे और उसके पास एक धमाका हुआ। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। इसके बाद कई विमान कंपनियों को या दो अपनी उड़ानें रद्द करनी पड़ी या मार्ग बदलना पड़ा।

### शनिवार से दुबई में फंसी हुई सिंधू व कोच

सिंधू को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि क्षेत्र में मिसाइल हमलों के बीच वायुक्षेत्र को बंद किया गया है। सिंधू ने बताया, ''जैसे ही हमारा विमान दुबई में उतरा तो हमारे नियंत्रण से बाहर की चीजें होने लगीं। थोड़ी देर बाद वायु क्षेत्र बंद कर दिया गया और पिछले कुछ घंटे बहुत तनाव वाले रहे। हम ऊपर से इंटरसेप्शन की आवाजें सुन सकते थे।''उन्होंने कहा, कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे हुए थे उसके बहुत पास एक धमाका हुआ।

## कई विमान कंपनियों ने उड़ाने रद्द की या मार्ग बदला

### घटना की पुष्टि की कहा, बाल-बाल बचे

सिंधू के इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा ने भी घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि वह बाल-बाल बचे। इरवांस्याह ने कहा, ''हवाई अड्डे पर धमाका हुआ था इसलिए हम इस समय यहीं फंसे हुए हैं। उन्होंने हमें होटल में रखा है। हम ठीक हैं लेकिन फिर भी थोड़ी चिंता है। हम ऑल इंग्लैंड के लिए जाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम आज उड़ान ले पाएंगे क्योंकि सिंधू का मैच बुधवार को है।'





### एयर इंडिया ने अपनी सभी सेवा रद्द की

एयर इंडिया ने खाड़ी देशों के बड़े स्थलों के लिए अपनी सभी सेवा रद्द करने का ऐलान किया है जबकि दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने वायु क्षेत्र पाबंदियों की वजह से संचालन अनिश्चित समय के लिए रोक दिया है। इस बीच विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि वह बैडमिंटन इंग्लैंड के साथ पश्चिम एशिया में चल रही भूराजनैतिक स्थिति से पैदा होने वाली यात्रा चुनौतियों पर करीब से नजर रख रहा है।

### सिंधू ने दूतावास का आभार जताया

सिंधू ने इस मुश्किल समय में मदद के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, ''हम सब अब सुरक्षित हैं और दुबई हवाई अड्डे के स्टाफ और दुबई अधिकारियों की लगातार कोशिशों की वजह से हमें अधिक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है।''

### खिलाड़ियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता

बीडब्ल्यूएफ ने बयान में कहा, ''सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।'' बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि वह खिलाड़ियों के आगमन में देरी की स्थिति में प्रतियोगिता कार्यक्रम की समीक्षा और संभावित आपात स्थिति के लिए तैयार है। भारत के अधिकतर खिलाड़ी पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुके हैं लेकिन सिंधू सहित कुछ खिलाड़ी बदलते भूराजनैतिक संकट से प्रभावित हैं।

### सभी जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुकी, उन्नति भारत में

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, युवा आयुष शेट्टी, गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। मालविका बंसोड़ भी पहुंच गई हैं लेकिन उन्नति हुड्डा अब भी भारत में हैं क्योंकि नयी दिल्ली से बर्मिंघम के लिए उनकी सीधी उड़ान आखिरी समय में रद्द हो गई थी।

## खबर संक्षेप



### जयसूर्या श्रीलंका टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ेंगे

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। निवार को पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने संवाददाताओं से कहा, ''मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा। पद छोड़ने के अपने फैसले को लेकर मैं श्रीलंका क्रिकेट से बात करूंगा।''एकदिवसीय विश्व कप 1996 में श्रीलंका की खिताबी जीत के दौरान टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जयसूर्या ने कहा, ''हमें बेहतर करना चाहिए था, मुझे दुख है और मैं प्रशंसकों से माफी मांगता हूं।'' उन्होंने कहा कि वानिंदु हसरंगा, मथीशा पथिराना और कुसाल मेंडिस की चोटों से श्रीलंका को काफी नुकसान हुआ।

### लुकाकू के गोल से नेपोली का जीत इंतजार खत्म

**मिलान।** रोमेलु लुकाकू ने शनिवार को यहां हेलास वेरोना के खिलाफ मैच की आखिरी किक पर सत्र का अपना पहला गोल किया जिससे नेपोली का जीत का इंतजार खत्म हुआ। सत्र से पूर्व लगी जांघ की गंभीर चोट के कारण अब तक सत्र में सिर्फ 41 मिनट खेलने वाले लुकाकू ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके नेपोली को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। लुकाकू ने अपना पिछला गोल पिछले साल 23 मई को किया था जिसके बाद कुछ महीने उनके लिए बहुत बुरे बीते। जांघ में चोट लगने के कुछ समय बाद सितंबर 2025 में 58 साल की उम्र में उनके पिता का अचानक निधन हो गया। यह नेपोली की सभी प्रतियोगिताओं में चार मैच में पहली जीत थी। गत सीरी ए चैंपियन टीम अभी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है और शीर्ष पर चल रहे इंटर मिलान से 14 अंक पीछे है जिसने जिनोआ को 2-0 से हराया।



### चंडीगढ मैराथन में 3500 धावकों ने भाग लिया

**चंडीगढ।** इथियोपिया के ओल्बाना एन येडेट और मेस्केरम तेस्फाये फिकाडू ने चंडीगढ इंटरनेशनल मैराथन में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में फुल मैराथन जीती जबकि 3500 धावकों ने इसमें भाग लिया। हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) में भारत के हरमनजोत सिंह और इथियोपिया की टीसेहे डेसालेन ने क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में खिताब जीते। दस किलोमीटर में साहिल कपूर ने पुरूष वर्ग में और सोनिया ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की।



## लगातार तीसरी बार 5 मार्च को सेफा में होगी भारत-इंग्लैंड की भिड़ंत


# 'संकटमोचक' संजू के दम पर वेस्टइंडीज को हराकर भारत सेमीफाइनल में पहुंचा

▸▸ विंडीज को 5 विकेट से हराया

▸▸ बुमराह ने 2 विकेट झटके, तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 27 रन बनाए

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

संजू सैमसन ने 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए नाबाद 97 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 'क्वार्टर फाइनल' की तरह रहे टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां पांच मार्च को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 194 रन बनाये। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारत के फॉर्म में चल रहे सभी बल्लेबाज नाकाम रहे लेकिन संजू ने संभवतः अपने कैरियर की सबसे यादगार पारी खेलकर वेस्टइंडीज के जीत के अश्वमेधी अभियान में नकेल कसी। अभिषेक शर्मा ( 11 गेंद में 10 रन) एक बार फिर न सिर्फ बल्ले से नाकाम रहे बल्कि उन्होंने दो कैच भी टपकाये जबकि ईशान किशन भी दस रन बनाकर आउट हो गए।




कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंद में 18 और तिलक वर्मा ने 15 गेंद में 27 रन बनाये। वहीं हार्दिक पंड्या 14 गेंद में 17 रन ही बना सके। वहीं संजू ने 50 गेंद की पारी में 12 चौके और चार छक्के लगाये और सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर 'फिनिशर' की भूमिका निभाकर लौटे। भारत ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। संजू ने 19वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड को स्क्वेयर लेग में छक्का लगाया और अगली गेंद पर चौका जड़ दिया। इसके साथ ही इस मैदान पर 2016 टी-20 विश्व कप जीतने वाली कैरेबियाई टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जीत के बाद स्टैंड से ' मां तुझे सलाम' और 'चक दे इंडिया' जैसे गानों के बीच सैमसन घुटने के बल बैठे, हेलमेट उतारा और ईश्वर को याद किया। भारतीय टीम ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। संजू ने तीसरे विकेट के लिये सूर्यकुमार के साथ 58 रन की साझेदारी की। इसके बाद तिलक के साथ 26 गेंद में 42 रन जोड़े। संजू के लिये यह काफी भावुक पल रहा होगा जो टीम में भीतर बाहर होते रहे हैं। पहले ईशान किशन की वापसी के कारण वह बाहर हुए। फिर नामीबिया के खिलाफ मैच में अभिषेक शर्मा के बीमार होने पर उन्हें जगह मिली।

**वेस्टइंडीज-195/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शाइ होप बो वरूण | 32 |
| चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| शिमरोन का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| शेरफान का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

अतिरिक्त : 11 रन
योगः 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन
विकेट पतनः 1-68, 2-102, 3-103, 4-119
गेंदबाजीः अर्शदीप 4-0-43-0, पंड्या 4-0-40-1, अक्षर 4-0-35-0, बुमराह 4-0-36-2, वरूण 4-0-40-1

**भारत-199/5 (19.2)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का हेटमायेर बो हुसैन | 10 |
| संजू सैमसन नाबाद | 97 |
| ईशान का हेटमायेर बो होल्डर | 10 |
| सूर्यकुमार का रदरफोर्ड बो जोसेफ | 18 |
| तिलक का हेटमायेर बो होल्डर | 27 |
| हार्दिक का होल्डर बो जोसेफ | 17 |
| शिवम दुबे नाबाद | 8 |

अतिरिक्त : 12 रन
योग : 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन
विकेट पतन : 1-29, 2-41 , 3-99, 4-141, 5-179
गेंदबाजीः हुसैन 2-0-22-1, फोर्डे 3-0-22-0, होल्डर 4-0-38-2, मोती 2-0-18-0, शेफर्ड 2.2-0-34-0, जोसेफ 4-0-42-2, चेस 2-0-18-0

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला क्लीन स्वीप की

# हीली ने शतक से वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▸▸ होबार्ट



कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे।

### राणा ने छटके दो विकेट

भारत के लिए स्नेह राणा (66 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट लिए। श्री चरणी (106 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 100 से अधिक रन लुटाने वाली सिर्फ तीसरी गेंदबाज बनीं। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

### मंधाना खाता भी नहीं खोल पाई

उप कप्तान और फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खेल सकीं और दूसरे ओवर में आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं। जिसके बाद प्रतिका रावल (27) और जेमिमा रोड्रिग्स ( 42) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। लेकिन आठवें ओवर में प्रतिका के आउट होने के बाद मुश्किलें बढ़ गईं।

## पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से लिया नाम वापस

# महिला विश्व कप क्वालीफायर हॉकी के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित



एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था।'' अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी।

■ प्रतियोगिता 8 मार्च से 14 मार्च तक हैदराबाद में खिली जाएगी

### टीम इस प्रकार है

गोलकीपरः बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम। डिफेंडरः सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी। मिडफील्डरः नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग। फारवर्डः नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

## अफ्रीका ने सुपर-8 में लगाई जीत की हैट्रिक, जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, ग्रुप-1 की टॉपर



**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के अपने आखिरी सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका की टीम सुपर-8 के पहले ग्रुप में तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ टेबल टॉपर बनी है। दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 17.5 ओवर में 154 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की किस टीम से टक्कर होगी ये भी तय हो गया है। साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला सेमीफाइनल मैच 4 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि, मिडिल ऑर्डर में डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में 42 रनों की पारी खेलकर बाजी को पलट दिया। अपनी इस पारी में ब्रेविस ने 4 छक्के और 2 चौके भी लगाए. इसके अलावा साउथ अफ्रीका के लिए रायन रिकेल्टन ने 31 और जॉर्ड लिंडे की नाबाद 30 रनों की पारी भी उपयोगी रही।

### चेक गणराज्य के डेविड नवारा को बराबरी पर रोका

# गुकेश को प्राग शतरंज महोत्सव में नवारा ने बराबरी पर रोका

एजेंसी ▸▸ प्राग (चेक गणराज्य)

विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है तब वान फोरेस्ट तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

■ भारत के गुकेश को अभी पहली जीत का इंतजार



### दिव्या के डेढ़ अंक

*अब्दुसत्तोरोव और नवारा के ढाई अंक हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे याकुबोएव, केमर और गुइजारो हैं। चिदंबरम, गुकेश, नीमैन और माघसूदलू के डेढ़ अंक हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने शीर्ष पर चल रही चेक गणराज्य की वेनक्लाव फिनेक को बराबरी पर रोका जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने मेजबान देश के स्टीफन हर्बेक से ड्रॉ खेला। दिव्या के डेढ़ जबकि गांगुली का एक अंक है। फिनेक के तीन अंक हैं।*

## टीम पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रही : आगा

# हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए: पाक कप्तान

एजेंसी ▸▸ पाल्लेकल (श्रीलंका)

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। लेकिन यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। लेकिन आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया।



### हर मैच जरूरी होता है

कप्तान ने कहा, ''हर मैच जरूरी होता है क्योंकि अगर आप एक मैच हार जाते हैं तो ऐसा लगता है कि आप टूर्नामेंट से बाहर हो जाते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि जब आप दबाव में होते हैं तो आपको अच्छे फैसले लेने होते हैं।'' आगा को लगता है कि पाकिस्तान के लिए समय की जरूरत है कि वे दबाव की स्थितियों में अपने खेल में सुधार करें।

### टूर्नामेंट में दबाव ज्यादा होता है

आगा ने कहा, ''और यही बात मैंने उनसे कही, जब हम दबाव में हों तो हमें बेहतर फैसले लेने होंगे। क्योंकि असल में आप दबाव में गलतियां करते हैं। और आईसीसी टूर्नामेंट में, दबाव ज्यादा होता है क्योंकि आप दुनिया की सबसे अच्छी टीमों के खिलाफ खेल रहे होते हैं।''

### गेंदबाजी बेहतर पर क्रियान्वयन में चूके

आगा ने कहा, ''हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। ''पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली।

### हार के लिए हम जिम्मेदार थे

कप्तान ने कहा, ''हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे। उन्होंने कहा कि दबाव की स्थितियों में फैसले लेना पाकिस्तान के लिए एक बड़ी समस्या थी जिसे आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर नतीजों के लिए सुलझाना होगा।




## खबर संक्षेप

### अविमुक्तेश्वरानंद के बचाव में उतरे सदानंद

**मथुरा।** द्वारिका शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



सरस्वती पर लगे आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। सनातन धर्म के आचार्यों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वे गोहत्या जैसे मुद्दों को उठाते हैं।

### सीतापुर में 13 शिक्षकों को किया बर्खास्त

**सीतापुर।** यहां 13 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। सभी फर्जी प्रपत्र लगाकर नौकरी कर रहे



थे। वर्ष 2024 में तैनाती मिली थी। सत्यापन के बाद शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था। ये टीईटी का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी कर रहे थे। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### हिंदू बन 200 लोगों से की डेढ़ करोड़ की ठगी

**गोंडा।** रूस भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर दस जिलों के 200 लोगों से करीब डेढ़ करोड़



की ठगी करने के मुख्य आरोपित शमशाद उर्फ विवेक को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह बिहार जिले के चंपारण का रहने वाला है। शमशाद ने हिंदू बन लोगों को ठगी के जाल में फंसाया है। पुलिस छापेमारी कर रही है।

### 6 लोग जहरीली गैस का शिकार, 3 की मौत



**हाजीपुर।** सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनवरपुर गांव में शौचालय के टंकी के गैस से आधा दर्जन से अधिक लोग मूर्छित हो गए। डॉक्टर ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया।मौके पर अफरातफरी मच गई। सराय थाना की पुलिस ने लोगों की मदद से सभी को आनन-फानन सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

### पीएम मोदी ने 2 राज्यों को दी करोड़ों की सौगात, परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# कनेक्टिविटी में आएगी क्रांति, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार बढ़ेंगे और लोगों का जीवन बदलेगा



मदुरै में पूजन करते पीएम मोदी

**तमिलनाडु में दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी**

पीएम मोदी ने कहा- एक दशक में रेल और सड़क मार्गों में हुआ ऐतिहासिक परिवर्तन

## 1300 किमी रेल लाइनों, 97 फीसदी विद्युतीकरण और 4,000 किमी से अधिक राजमार्गों के निर्माण से लोगों की यात्रा सुगम व सुचारू होगी

एजेंसी ▶▶ मदुरै

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में एक सभा को संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है, जिसका प्रभाव विशेष रूप से तमिलनाडु में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में रेलवे बजट आवंटन में 9 गुना वृद्धि हुई है। 1300 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, 97 फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया गया है और सैकड़ों फ्लाईओवर व अंडरपास का निर्माण किया गया है, जिससे सुरक्षा और दक्षता में सुधार हुआ है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत सरकार ने तमिलनाडु के राजमार्ग नेटवर्क में भारी निवेश किया है। 2014 से यहां 4,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगा और कृषि उपज तथा समुद्री उत्पादों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करेगा।



### 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुल मिलाकर, 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में क्रांति आएगी, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार सृजित होंगे और लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन आएगा। इससे किसानों को बाजार तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़कें मिलेंगी, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की यात्रा आसान होगी, और व्यवसायों के लिए परिवहन तेज होगा।

### पीएम मोदी ने इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- एनएच मार्गों के मराक्कनम-पुडुचेरी, परमकुडी-रामनाथपुरम खंडों को 4-लेन बनाने की आधारशिला रखी।
- 3 नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। 8 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया।

## 2,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, 'बीईएसटी पुडुचेरी'

### पुडुचेरी को दी बड़ी सौगात



प्रधानमंत्री ने रविवार को पुडुचेरी में 2,700 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल ग्रोथ को गति देने वाले प्रेजेक्ट थे।

**नए भवनों और छात्रावासों का लोकार्पण किया**

पीएम मोदी ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और गंगा हॉस्टल, क्षेत्रीय कैंसर केंद्र का लोकार्पण किया। करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया

### गुरुओं का बलिदान और एकता हमारी ताकतः मोदी

**पीएम ने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम 'हिंद-दी-चादर' को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम 'हिंद-दी-चादर' को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया। उन्होंने गुरु साहिब को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने कहा कि भारत का इतिहास वीरता और आपसी सहयोग का रहा है। उन्होंने जोर दिया कि जब गुरुओं ने त्याग की मिसाल पेश की, तब समाज की एकता ने बड़ी भूमिका निभाई। पीएम के मुताबिक, आज के समय में भी देश को वैसी ही सामाजिक एकता की जरूरत है और 'संगत' का यह जज्बा हमें भरोसा दिलाता है कि संतों का आशीर्वाद हमारे साथ है।

### मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस आज से

## देश का प्रतिनिधित्व करेंगे सिंधिया, भारत पैवेलियन शुरू करेंगे




**नई दिल्ली।** स्पेन के बार्सिलोना में 2 से 5 मार्च तक होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2026 में भारत की भागीदारी का नेतृत्व करेंगे। एमडब्ल्यूसी दुनिया के सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रभावशाली टेक्नोलॉजी और मोबाइल सम्मेलनों में से एक है। संचार मंत्री अपनी यात्रा के दौरान एमडब्ल्यूसी 2026 में भारत पैवेलियन का उद्घाटन भी करेंगे। यह पैवेलियन भारत की बढ़ती दूरसंचार निर्माण क्षमताओं और नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करने के लिए वैश्विक मंच मुहैया कराएगा। भारत की मेजबानी में आयोजित सीईओ डिनर में वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करेंगे जिनमें सहभागी नवोन्मेष और भरोसेमंद साझीदारियों के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया जाएगा। वह प्रमुख वैश्विक और भारतीय कंपनियों के बूथों और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों में भी जाएंगे।

### मोदी और कार्नी द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करने को अग्रसर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी पश्चिम एशिया सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच सोमवार को व्यापार, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में भारत-कनाडा संबंधों को गहरा करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा पर चर्चा करेंगे। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच एक 'ठोस एजेंडा' के तहत व्यापक वार्ता होगी। यह वार्ता दोनों पक्षों द्वारा द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के अंतर्गत होगी, जिसमें 2023 में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर हुए राजनयिक विवाद के बाद गतिरोध पैदा हो गया था। कार्नी मुंबई में दो दिन बिताने के बाद रविवार को नई पहुंचे। मुंबई में उन्होंने कई उद्योगपतियों से मुलाकात की।

### पेंट करने वाला प्लांट आग की चपेट में आया

## अलवर की फैक्ट्री में जिंदा जलने से बचे 30 मजदूर

- आग के कारणों को लेकर अभी कुछ जानकारी सामने नहीं आई

एजेंसी ▶▶ अलवर

अलवर में ट्रक-बस बनाने वाली कंपनी अशोक लीलैंड के प्लांट में आग लग गई। फैक्ट्री के जिस हिस्से में आग लगी वहां 30 से ज्यादा वर्कर काम कर रहे थे। प्लांट के इस एरिया में ट्रक-बसों पर पेंट किया जाता है। आग भड़कने के कुछ मिनटों में ही लोगों को बाहर निकाल दिया गया था। हादसा शनिवार रात करीब 10.30 बजे मत्स्य इंडिसट्रियल एरिया में हुआ। करीब एक से डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। फकर्मचारियों ने बताया कि प्लांट के गेट नंबर दो पर कुछ हिस्से में अचानक आग लगी थी। कुछ मिनटों बाद आग की लपटें 300 मीटर दूर तक से भी दिखाई दे रही थीं। आग के कारणों को लेकर अभी कुछ जानकारी सामने नहीं आई है।




### 30 लाख से ज्यादा का नुकसान

अलवर के फायर ऑफिसर अमित मीणा ने बताया- प्लांट के जिस हिस्से में आग लगी, उसके पास ही बसों और ट्रकों की कई चेचिस रखी हुई थी। हालांकि आग इस हिस्से तक नहीं आई। वहीं, अनुमान है कि आग से करीब 30 लाख रुपए का नुकसान हो गया। सही नुकसान का आकलन अभी सामने नहीं आया है। आग पर एक घंटे में काबू पा लिया गया।

### तेलंगाना सरकार ने आईएएस अरविंद कुमार को सस्पेंड किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने फॉर्मूला-ई कार रेस से जुड़े आरोपों के बीच आईएएस ऑफिसर



अरविंद कुमार को सस्पेंड कर दिया है। केंद्र ने अरविंद पर केस चलाने की इजाज़त पहले ही दे दी है।यह सस्पेंशन करप्शन, पावर का गलत इस्तेमाल, लापरवाही और सरकारी आदेशों के उल्लंघन के आरोपों की वजह से डिपार्टमेंटल डिसिप्लिनरी एक्शन का हिस्सा है। यह सस्पेंशन जांच पूरी होने तक जारी रहेगा। एक क्रिमिनल केस दर्ज किया गया है, और एंटी-करप्शन ब्यूरो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करके मामले की जांच कर रहा है।सरकार, जिसने हाल ही में आईएएस ट्रांसफर प्रोसेस के दौरान अरविंद कुमार को वेटिंग लिस्ट में रखा था, ने एक्शन लेने के बाद केंद्र को उनके सस्पेंशन की जानकारी दी।




### बंगाल की सड़कों पर भाजपा ने शुरू किया 5,000 किमी लंबा शक्ति प्रदर्शन

# सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी, 280 जनसभाएं होंगी

## यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच भाजपा ने रविवार से राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा' की शुरुआत कर दी है। पार्टी इस अभियान के जरिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के खिलाफ जनमत को संगठित करने, जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और चुनाव से पहले व्यापक जनसंपर्क स्थापित करने की रणनीति पर काम कर रही है। परिवर्तन यात्रा करीब 5,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। इस दौरान 63 बड़ी सार्वजनिक सभाएं और 280 जनसभाएं आयोजित की जाएंगी।

**राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा'**

### 9 स्थानों से एक साथ शुरुआत की, 63 सभाएं भी होंगी




रैली को हरी झंडी दिखाते जेपी नड्डा

पार्टी का दावा है कि इस यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल को एक बड़े पैमाने पर लोगों से जुड़ने, अभियान और संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा दोनों के रूप में तैयार किया गया है, ताकि बूथ स्तर की तैयारी को बड़े जनसमर्थन में बदला जा सके। परिवर्तन यात्रा राज्य के 9 अलग-अलग स्थानों कूचबिहार, कृष्णानगर, कुल्टी, गरबेटा, रैदिघी, इस्लामपुर, हसनाबाद, संदेशखाली और आमता से शुरू हुई है। कृष्णानगर के दिगनगर पंचायत मैदान, सर्वमंगला मंदिर में सभा की।

भाजपा अध्यक्ष नबीन का आरोप

### ममता दीदी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में की घुसपैठियों की मदद

बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा ने रासमेला मठ,कूचबिहार से परिवर्तन यात्रा शुरू की है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नबीन ने टीएमसी और सूबे की मुखिया ममता बेनर्जी पर निशाना साधा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28